SHREE SWAMINARAYAN

શ્રી સ્વામિનારાયણ


Rs. 5/-

October '06



શ્રી હરિના ૭માં વંશજનો પ્રાકટ્યોત્સવ

Publisher Shree Swaminarayan Temple Ahmedabad-1



His Holiness Acharya Maharaj
Shri Koshalendraprasadji Pande

દીપાવલી
જ્ઞાનવર્ષ - સં. 2063

દેશ/વિદેશમાં વસતા સર્વાવતારી સર્વોપરિ ભગવાન શ્રી સ્વામિનારાયણના દ્રઢ આશ્રયયુક્ત સૌ સત્સંગીઓને જ્ઞાનવર્ષ અને દીપાવલીના મંગલ પર્વ પ્રસંગે શ્રી હરિએ સ્વયં સ્વહસ્તે ગાદીમાં લઈ પધરાવેલ પોતાનું જ સ્વરૂપ એવા મહાપ્રતાપી શ્રી નરનારાયણદેવ ચરણકમળ સમીપથી અમારા રૂડા શુભાશીર્વાદ સહ મંગળ શુભકામનાઓ પાઠવીએ છીએ.

આપનું જ્ઞાનવર્ષ દરેક પ્રકારે શુભ અને મંગળમય નીવડે - વિશેષ ભક્તિભાવ અને શ્રી હરિની આજ્ઞાઓ પાળવામાં વિશેષ સાર્થક રહે તેવી પરમ કૃપાળુ શ્રી નરનારાયણદેવના ચરણોમાં એ જ પ્રાર્થના સહ

Shree Swaminarayan Mandir,
Ahmedabad-1
Tel: 079 2212 3835

Shree Swaminarayan Bagh,
Ahmedabad-52
Tel: 079 2747 8070



संस्थापक
श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री १००८ श्री
तेजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री

श्री स्वामिनारायण म्यूजियम
नारायणपुरा, अहमदाबाद.
फोन : २७४९९५९७ - ९८२५३०९५९७
फेक्स : २७४१९५९७

दूर ध्वनि
२२१३३८३५ (मंदिर)
२७४७८०७० (स्वा. बाग)
फेक्स ०७९-२७४५२१४५
श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य १००८
श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्रीकी आज्ञासे

तंत्रीश्री
शास्त्री स्वामी निर्गुणदासजी
(महंत स्वामी)

पत्रिका (मासिक अंक) मूल्य
प्रति वर्ष ५०-००
वंशपारंपरिक
देशमें ५०१-००
विदेश ५०००-००
प्रति कोपी ५-००

प्रकाशन समय
प्रति माह (मास) की दिनांक ११ को
गुजराती, हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषामें

पत्र व्यवहार
श्री स्वामिनारायण मासिक कार्यालय
श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर,
अहमदाबाद-३८० ००१.

हिन्दी अनुवादक
डॉ. वाचस्पति मिश्र (प्रधान पंडित)
श्री स्वामिनारायण मंदिर, अहमदाबाद

पत्तेमे परिवर्तन के लीये
E-mail : manishnvora@yahoo.co.in

श्री नरनारायणदेव पीठस्थान मुखपत्र

SHREE SWAMINARAYAN

श्री स्वामिनारायण

वर्ष - ५ अक्टूबर - २००६

अ नु क्र म णि का

१.	अस्मदीयम	२
२.	प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्रीके शुभ कार्यक्रमोकी रुपरेखा	३
३.	जो निष्कामी वर्तमान रखे वही हमें प्रिय है	६
४.	टोपीवाले को सत्संग का गुण (भाग-१)	८
५.	भगवान के भक्ति की महिमा	९
६.	श्रीहरि के अवतार धारण करने का प्रयोजन	१०
७.	शियाणी में श्रीहरि	११
८.	धर्म	१३
९.	कर्मयोग: एक विहंगावलोकन	१४
१०.	सत्संग सुरभि : महाराज को जैसा जानता हूं वैसा कहूँगा	१५
११.	सत्संग बालवाटिका (१) आदरेज में अन्नकूट हुआ (२) सत्संग की महिमा	१६
१२.	प्रश्नपेटी	१८
१३.	भक्तिसुधा (१) मूली की जालबाई (२) यह गारा नहीं चन्दन है (३) पुत्र का दान (४) तीन लारव की तीन बात	१९
१४.	समाचार वृत्तांत	२२

प्रकाशक
श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर, अहमदाबाद-१.
दूर ध्वनि : २२१३२१७०, २२१३६८१८. फेक्स : २२१७६९९२.
श्री नरनारायणदेव युवक मंडल कार्यालय : २२१६६७६७
Visit us : www.swaminarayan.info
E-mail : sntemple@hotmail.com
www.swaminarayanmuseum.com / org

अस्मदीयम् तन्त्रीश्री की तरफ से.....

परमेश्वर की भक्ति जब जीव के हृदय मेंआती है, तब अंतर में स्थित काम, क्रोध, लोभ, मोह इत्यादि अंत:शत्रुओं को जीतने की शक्ति प्राप्त होती है । अंत:शत्रुओं के कारण ही व्यक्ति मानव से दानव हो जाता है । यदि अंत:शत्रुओं को जीत लिया जाय तो जगत में कहीं भी दानवी वृत्ति ही न पैदा हो । जब अंत:शत्रुओं की विकृति चरम सीमा पर पहुँचती है तब उसे राक्षसी वृत्ति कहते हैं । ऐसी राक्षसी वृत्ति को जीतने के लिये बल एवं आश्रय की जरूरत पडती है । आश्रय अपने इष्टदेव परमात्मा का लेकर नवधा भक्ति करे तभी अंत:शत्रुओं को जीतने की शक्ति आती है । ऐसे दश प्रकार के अंत:शत्रुओं पर विजय ही विजयादशमी है । अंत:शत्रु ऊपर विजय मिले तो अंतर में प्रभु प्रगट होते हैं । नवरात्रि नव दिन तक भक्ति-आराधना की हो तो दशहरा के दिन विजय मिलती है । अंत:शत्रु ऊपर विजय मिलने में परमात्मा का प्राकट्य निश्चित होगा । श्रीहरि की पूर्ण कृपा से ही अपना अंत:करण शुद्ध एवं निर्मल हुआ है तभी तो श्रीहरि के अपर स्वरूप का प्राकट्य आज के शुभ निर्मल दिन में हुआ है । जिस के दर्शन का एवं जन्मोत्सव का महा आनन्द इस दिव्य सत्संग को मिला है । जिस में पवित्र होकर, सहभागी होकर इष्टदेव को प्रसन्न कर लेना चाहिए । अपने श्री स्वामिनारायण मासिक अंक के सभी सभ्यों को, वाचकों को, लेखकों को तथा समस्त सत्संग को नूतन वर्ष का जयश्री स्वामिनारायण

तंत्रीश्री (महंत स्वामी)

- शास्त्री स्वामी निर्गुणदासजी का

जयश्री स्वामिनारायण



प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के शुभ कार्यक्रमों की रुपरेखा

सितम्बर -२००६

१. श्री स्वामिनारायण मंदिर डांगारवा (तलपद) श्री मूलचन्दभाई केशवलाल मोतीलाल पटेल द्वारा आयोजित सत्संग सभा में पदार्पण ।

३. श्री जतीनभाई सुरेशभाई ठक्कर के श्रीहरि ओटो सेन्टर के उद्घाटन प्रसंग पर पदार्पण - जेतलपुर ।

५. श्रीमती मधुबहन बाबूलाल पटेल के यहाँ पदार्पण नारणपुरा ।

१०. श्री दशरथभाई कानजीभाई पटेल के यहां पदार्पण निर्णयनगर ।

११. श्री विनोदभाई के स्पन्द सिरामिक में पदार्पण सोला ।

१२. कलोल (श्रीनगर) श्री स्वामिनारायण मंदिर में महा पूजा प्रसंग पर पदार्पण वहीं पर श्री रसिकलाल शंकरलाल के यहाँ भी पदार्पण ।
श्री रमणलाल माधवलाल के यहाँ महापूजा प्रसंग पर पदार्पण घाटलोडीया ।
घाटलोडीया श्री स्वामिनारायण मंदिर में आरती उतारने पधारे ।
श्री रजनीकांत अमृतलाल पटेल के यहाँ पदार्पण, अंबावाडी ।

१६. श्री भरतभाई छोटाभाई भावसार के यहाँ पदार्पण ।
वही पर अन्यों के यहाँ भी पदार्पण, सी.टी.एम. ।

१७. श्री स्वामिनारायण मंदिर जीवराजपार्क में श्री प्रकाशभाई पटेल द्वारा आयोजित सत्संग सभा में पदार्पण ।

२२. से २५. वद्रिनारायण श्री स्वामिनारायण मंदिर के वार्षिक उत्सव प्रसंग पर पदार्पण ।

२८. प.पू. बडे महाराजश्री तेजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री के मानसरोवर यात्रा प्रसंग पर शुभेच्छा विदाई समारंभ अपने अध्यक्ष स्थानपर किये ।
श्री दशरथभाई जेसंगभाई पटेल (वडवाला) के यहाँ महापूजा प्रसंग पर पदार्पण, घाटलोडीया ।
श्री रतीभाई खीमजीभाई पटेल (मेम्बरश्री) की नई आफिस के उद्घाटन पदार्पण घाटलोडीया ।

३०. श्री जयराजभाई मनहरलाल शेठ शिवम् एस्टेट सरखेज, उद्घाटन प्रसंग पर पदार्पण ।
कलोल गाँव में श्री धर्माभाई परसोत्तमदास पटेल की दुकान का उद्घाटन एवं महापूजा प्रसंग पर पदार्पण ।
श्री दलसुखभाई वल्लभभाई देवाणी के यहाँ पदार्पण, वस्त्रापुर ।

भांवबुभुक्षा

डॉ. वाचस्पति मिश्र
(प्रधानाचार्य)

भिखारीदासः - अरे गोवर्धनराम ! अद्य प्रातः प्रातः एव कस्य उत्सवस्य आरम्भः अस्ति ? कथं वृहत् महोत्सवः अस्ति वा विवाहप्रसंग अस्ति ?

गोवर्धनरामः - अरे भिखारीदासः ! भवते स्मरणं नास्ति ? अधुना अस्माकं ग्रामे अनंकोटि ब्रह्मांडस्य अधिपतिः भगवान श्री स्वामिनारायणः विराजते यः स्ववचनामृतेन असंख्यजीवान् तृप्तिं कारयति । एतादृशं परब्रह्मपरमात्मानं स्वामिनारायणं श्वः एव अत्रत्याःग्रामस्थाःजनाः अनेकैः पक्वान्नव्यञ्जनैः तृप्तिं कारयिष्यन्ति ।

तुलजारामः - आम् भिखारीदासः ! सत्यम् - सत्यम् अस्ति । आगामी कालः अस्माकं कृते अतीव स्वर्णस्य अस्ति । आगामी कालः अर्थात् मम सदृशानां बहुकालात् साधनापरायणानां प्रतीक्षायाः अंतिमः दिवसः अस्ति । श्वः तु स्वयं श्रीहरिः अस्माकं अन्नं भुक्त्वा सकल ब्रह्माण्डस्थजनान् तृप्तिं कारयिष्यति । येन वयं सकल ब्रह्माण्डस्थजीवानां भोजनपुण्यस्य कलं प्राप्स्यामः ।

आशजीपटेल - अयि भो ! आगामीदिवसः तु आनन्दस्य उत्साहस्य दिवसः अस्ति अतः आगच्छतु, आगच्छतु वयमपि भगवतः सपर्यायाम् दत्तावधानाः भविष्यामः ।

रतनीया - अरे मंगलिया ! पश्यतु पश्यतु एते कीदृशाः मूर्खाः सन्ति ? स्वामिनारायण सदृशस्य साधोः पश्चात् कीदृशं मूर्खायमाणाः संजाताः ज्ञानं नास्तिः तेन स्वामिनारायणेन तेभ्यः न जाने किम् भोजितम् ।

मंगलियो - अरे रतनिया ! त्वयि ज्ञानं अस्ति ? स्वामिनारायणस्तु अतिकठिनमपि भूतं वशीकरोति इतोप्यधिकं किं ब्रूमः स तु महान् तांत्रिकः अस्तिः येन यम् सः पश्यति स वशीभवति - अतः इतः प्लायामः अन्यथा यंत्र मंत्र द्वारा वशीकरिष्यति ।

जीवणभक्तः - अरे देवि ! ग्रामस्य प्रायः सर्वे जनाः नानाविध पक्वान्नेन भगवन्तं श्री स्वामिनारायणं तर्पयितुं गच्छन्ति ।

पत्नी - पतिदेव ! एतस्मिन् विषये भवन्तः किम् विचारयन्ति ? अधुना विचारस्य अवसरः एव नास्तिः त्वरयतु भवान्, त्वरयतुभवान् ।

जीवणभक्त - अरे देवि ! अहं तु अतीव निर्धनः अस्मि यत् अर्पणार्थं गच्छामि ।

पत्नी - यदि भवदीया आज्ञा चेद्, तर्हि शाकं मठरोटकं च भगवदर्थं निर्मापयामि ।

जीवणभक्त - अरे देवि ! तत्र अनेकविध भोज्य व्यज्जनानि भविष्यंति, अनेके धनपत्तयः तत्र आगमिष्यन्तिः अस्माकं शाकमठरोटकयोश्च का गणना ? स्वामिनारायणः तु तस्य अवलोकनं अपि न करिष्यति ।

पत्नी - पतिदेव ! भगवान् भावनायाः बुभुक्षितः अस्ति । पंपा सरोवरे निवसती - रामं प्रतीक्षमाणा च शबरी भावनया उच्छिष्टं बदरीफलं कथं न भोजितवती ?
"यादृशी भावना यस्य सिद्धिर्भवति तादृशी ।"
स्वयं भगता कृष्णेनापि गीतायां उक्तम् - यत्
"पत्रं पुष्पं फलं तोयं यो मे भक्त्या प्रयच्छति ।
तदहं भक्त्युपहृतं अश्नामि प्रयत्नतः ॥"

जीवणभक्तः - अरे देवि ! तर्हि भगवान् अवश्यं अस्माकं श्रद्धया अर्पितं भोजनं ग्रहिष्यति । त्वरय, त्वरय, अहमपि अन्येषां सदृशं भगवते स्वामिनारायणाय भोजनं कारयिष्यामि ।
(यथा- अन्ये स्वकीयं भोजनं नीत्वा आगताः तथैव जीवणभक्तः अपि तेषां पृष्ठ भागे भोजनं गृहित्वा स्थितः अस्ति ।) (जीवणभक्तः "मनसि विचारयति")
"अहो ! एतादृशानां धनिकानां बहुविधनिर्मितपक्वान्नं विहाय भगवान स्वामिनारायणः मम शाक-मठरोटकं च स्वीकरिष्यति ? नहि नहि स्वामिनारायण भगवान् तु भावनां जानाति अतः भावना

प्रधानत्वात् , मम शुद्ध भावं ज्ञात्वा अवश्यमेव मम भोजनं ग्रहिष्यति । नहि... नहि... बहुदूरम् । अस्मि, माम् कथं स पश्यति ? नहि... नहि... स तु अन्तर्यामि अस्ति । केनचित् कविना सत्यं उक्तम् -

"तन की जाने मन की जाने जाने चित्त की चोरी ।
इनके आगे क्या छिपाये जिनके हाथ मेंजीवनदोरी ॥"

अन्तर्यामि मम प्रभुः अतीव दयालुः अस्ति । निश्चितमेव मम सम्मुखी भूत्वा मे भोजनं ग्रहिष्यति ।

(आश्चर्यं) "भगवान स्वामिनारायणः सभातः उत्थित्वा"

भ.स्वा.ना. - अरे जीवणभक्त ! मठरोटकं दीयताम् । (सभी आश्चर्यचकित हो जाते है) (श्रीहरि मठरोटक तथा सागखाकर) अरे जीवणभक्त ! मठरोटक शाकस्य च कीदृशः स्वादः ? अद्यावधिः बहुव्यज्जनानि मया भुक्तानि एतादृशः स्वादः कदापि न प्राप्तः । एतादृश आस्वादः सुवासिनी भ्रातृजायायाः भोजने नासीत् । भक्तराज ! त्वदीयं भोजनं भुक्त्वा अत्यानन्दितः अस्मि । अद्यारभ्य तव दारिद्रयं गतम् भवदीय गृहे अष्टसिद्धि नवनिधिश्च सर्वदा अखण्डरुपेण स्थिता भविष्यति ।

ब्रह्मानंद स्वामी - अरे महाराज ! मठरोटकं भोजने गरिष्ठम् भवति अन्यच्च अर्धदग्धं अस्तिः रात्रौ उदरे पीडा भविष्यति, तदर्थं मूलजीब्रह्मचारिणे ददातु भवान्: अवशिष्टः प्रसादः मह्यम् यच्छतु ।

श्रीहरिः - नहि नहि अस्मात् एकभागमपि कस्मै न दास्यामि । स्वामिन् ! नाहं भोजनं करोमि, अपितु जीवणभक्तस्य. प्रेमस्मकं भोजनं स्वीकरोमि ।

ब्रह्मानंदजी - अरे आनंदानंदजी ! भवन्तः एव यथोचितं उपायं कुर्वन्तुं इत्थं प्रशंसायां सम्पूर्णं अपक्वान्नं भोक्ष्यति चेत् - रात्रौ जागरणं अस्माकं निश्चितमेव ।

वैष्णवानंदजी - आम् आम् ब्रह्मानंद स्वामी सत्यं वदति भवान् अद्यतः दशदिवसात् प्राक्मठरोटकं मया भुक्तं - अधुनापि कष्टं अनुभूयते । ब्रह्मानंद स्वामी ! भवान् एव महाराजानां हस्तात् रोटकं गृहातु ।

(ब्रह्मानंद स्वामी उत्थित्वा भगवत् हस्तात् रोटकं ग्रहीतुं हस्तौ प्रसारयति - तत्क्षणे आकाशात् इन्द्रः पक्षिस्मीभूय रोटकं ग्रहीत्वा अदृष्टः जातः ।)

ब्रह्मानंदजी - अरे महाराज ! अयं कः भाग्यशाली आसीत् ? श्रीहरिः अयं तुं स्वयमेव देवराज इन्द्रः आसीत् । य) सहस्त्राधिक वर्षात् मम प्रसादस्याग्रही आसीत् । अद्य तस्य पुण्योदयः यातः तेन अस्माकं प्रसादः ग्रहीतः ।

(साकं सर्वे वदन्ति) - सत्यं उक्तं अस्ति यत् -

"भगवतः भोजनस्य बुभुक्षा नास्ति, अपितु भावस्य बुभुक्षा अस्ति ।"

सर्वे गायन्ति

"स्नातं चन्दनचर्चितं निजजनैः पुष्पस्त्रजालङ्कृतं
प्रातः सूर्यमयूखसेवितमुखं श्रीचन्द्रशालोपरि ।
धृत्वा रोटकमेकपाणिन्नलके भङ्क्त्वान्यहस्तेन तं,
भुञ्जानं प्रविलोक्य सेवकगणान् वन्दे सदा स्वामिनम् ॥"

अहमदाबाद मंदिर में परम्परागत समूह शारदापूजन

समस्त श्रीहरि के प्रिय भक्तों को विदित हो कि सर्वोपरि श्री नरनारायणदेव के शुभ सानिध्य में तथा प.पू.ध.धु. आचार्य माहराजश्री के शुभ कर कमलों से विद्वान पंडितो द्वारा मंदिर की प्रसादी की सभा मंडप में आश्विन वद अमावास्या (शुभ दीपावली) के दिन ता. २१-१०-२००६ शनिवार सायंकाल ६-०० बजे समूह शारदा पूजन - चोपडा पूजन वेदविधि से धूम-धाम से सम्पन्न किया जायेगा । शारदापूजन में लाभ लेने वाले व्यापारीजन अपना चोपडा (खातावही) संख्या २ का नाम लिखा, पता, फोन नंबर के स्टीकर के साथ कपडें में बांधकर कोठार में जमा कराने की पक्की पहुंच प्राप्त करलें ।

खातावही स्वीकार करने की अंतिम ता. २०-१०-२००६ है इसके बाद स्वीकार नहीं किया जा सगेगा ।

- कोठारी स्वामी

जो निष्कामी वर्तमान रखे वही हमें प्रिय है

- जयंतीभाई के. सोनी (अहमदाबाद)

गीता में कहा गया है कि - काम, क्रोध, लोभ, ये तीनो नरक के द्वार हैं। अन्य अंतःशत्रु इन्हीं के अन्तर्भूत हो जाते हैं। काम तो प्रथम नम्बर का शत्रु है।

प्रेमानंद स्वामी द्वारा रचित "आज मेरे ओरडे" के चार पद एवं तीसरा-चौथा पद स्वयं भगवानने रचा है, स्वयं अपने मुख से गाये भी है।

"सहु हरिभक्तोने रे जाउ होय मारे धाम तो मने सेवजो रे, तमे शुद्ध भाव थई निष्काम।"

श्रीजी महाराजने स्पष्ट कह दिया है कि निष्काम विना हुए मेरे धाम मेंजाना सम्भव नहीं है।

गढडा अंत्य १९ वें वचनामृत में भी महाराजने कहा है कि जिसने संसार का त्याग किया हो, उसमें यदि कोई कुलक्षण आया हो जैसे कामवासना एवं कुटुम्बी के प्रति राग हो तो उसे हम पशु समझते है। कामवासना से ही बडे बडे को लांच्छन लगा है।

वेदरस से महाराज ने कहा है कि जिसका मन स्त्री की तरफ जाता है वह विद्या पढा हो तो क्या ? वह निष्फल ही है। जिसने राज्य का ही क्यों न त्याग किया हो लेकिन स्प्र-रस गंधादिक पंच विषयों को न जीता हो, इन्द्रियों का दमन न किया हो, भले वह तीर्थाटन किया हो, चान्द्रायणव्रत किया हो देव पूजन किया हो मंत्र दीक्षा लिया हो, सिद्धि हासिल किया हो वह सब उसका व्यर्थ हैं जिसने स्त्री का त्याग नही किया। बन्धन कारी है। मोक्ष में बाधक है।

इसलिए सत्संग के निष्काम व्रत दृढ रखने का नियम रखना चाहिए। गृहस्थ हो या त्यागी सभी को अपने नियम में रहना चाहिए।

श्रीजी महाराज को निष्कामी भक्त बहुत प्रिय है। जिसकी स्पष्टता ग.प. के ३३ वें वचनामृत में किये हैं।

महाराजने सर्व प्रथम अपनी बात बताई बाद में संत हरिभक्तों की वात बताये। श्रीजी महाराज निष्कामी की वात को बताते हुए कहे कि जो दृढता से निष्काम धर्म पालता है मैं उसके बहुत सन्निकट रहता हूँ। वह सबसे हमें प्रिय है। हम जब से प्रगट हुए है तब से निष्काम की दृढता की ही वात करते आये है। सभा में कोई स्त्री आवे उसकी तरफ पुरुष की दृष्टि पडे विना रह नही सकती। ऐसे व्यक्ति के ऊपर मेरी कृपा कम हो जाती है। इसलिये महाराज की जिस में प्रसन्नता हो वही काम सभी को करना चाहिए। वचनामृत में महाराज ने कहा है कि "यदि सभी धर्म चले जांय लेकिन एक निष्काम वर्तमान स्त्री धर्म टिका हो तो सभी उसमें आ गया ऐसा समझना।

इस सत्संग में पहले भी बड़े-बड़े संत अपने निष्काम व्रत को दृढ करने के लिए कितना पुरुषार्थ किये हैं। उसको जानने के लिये एक संत की बात करते हैं - प्रेरणास्प मुक्तानंद स्वामी के जीवन से प्रेरणा लेते हैं -

पूर्वाश्रम का नाम मुकुंददास था। अपने माता पिता तथा बहन को साथ लेकर तीर्थाटन करते हुए अमरेली में मूलदास बाबा के यहाँ आये। उसी समय मुकुंददास के पिता की तबियत खराब हो गयी और मूलदासजी से कहे कि मेरी शरीर का अब कोई ठिकाना नहीं है, मैं अपने कुटुम्ब का उत्तरदायित्व आप के ऊपर छोडकर जा रहा हूँ। संयोगवश वे चलवशे। बाद में मूलदास महंत स्वयं मुकुंददासजी का विवाह संस्कार कराकर लड़की के घर रख दिये। दूसरी तरफ मुकुन्ददास की बहन का भी परिणय ओलिया गाँव में करवा दिये। एकदिन मुकुन्ददास एकांत मेंबैठकर विचार कर रहे थे कि यह जीवन जिस-जिस योनि में गया वहाँ विषय का सुख प्राप्त किया तो भी तृप्ति हुई नहीं है, इसलिए अब इस शरीर से आठ प्रकार से ब्रह्मचर्य पालन करके श्रीहरि की भक्ति करनी है। संसार-व्यवहार में नही रहना है ऐसा विचार करके पागल की तरह वर्तन करने लगे। गाँव में घूमते जैसा तैसा बोलते। गाँव के लोग उनके श्वसुर से सिकायत करते आप अपने दामाद को अच्छी तरह क्योंनहीं रखते। श्वसुर विचार करने लगे कि हमारा दामाद ऐसा है नहीं लेकिन ऐसा व्यवहार इस समय हुआ है तो क्यों ? यह विचार कर एकांत में बैठाकर पूछने लगे और समझाये भी जब नहीं माने तो मूलदासजी महंत के आश्रम में पुनः वापस लाकर कहे कि अब ये पागल हो गये है, अपने आश्रम में इन्हें रखिये। जब ठीक हो जायेंगे तो ले जायेगे।

मूलदासजी मुकुन्ददास को अपने आश्रम में रखे और सभी हकीकत जान गये। एकदिन मुकुन्ददास ने मूलदासजी से कहा कि जहाँ काम वासना जीती जा सके, भगवान की भजन भक्ति सरलता

से हो सके ऐसे महंत का आश्रम बताइये। ऐसा सुनकर मूलदास ने कहा मात्र ऐसे महंत ध्रांगध्रा में द्वारिकादासजी हैं। उन्हीं के पास जाइये। वहाँ जाकर मुकुन्ददासजीने द्वारकादासजी से वासना से रहित होकर सम्पूर्ण एकान्तिक भजन भक्ति हो सके ऐसी उपाय वताइये। यही आप से मांगता हूँ। यह सुनकर द्वारिकादास कहने लगे काम वासना जीतना बहुत कठिन है। मैं वृद्ध हो गया हूँ तो भी वासना मन से टलती नहीं है। तो तुम्हें कैसे बताऊँ। मुकुंददासने कहा अब मुझे आप ही ऐसे गुरु का आश्रय बताइये। तब द्वारिकादासजी ने कहा आप वांकानेर में कल्याणदासजी के पास जाइये, वे बड़े समर्थ महात्मा है। वे कामवासना को जीत लिये हैं। यह सुनकर मुकुन्ददास वांकानेर में कल्याणदासजी के पास आये। आश्रम में काफी लंबे समय तक रहे और कल्याणदासजी की खूब सेवा किये। एक दिन उनसे कहे कि आप मुझे कामवासना जीतने की उपाय बताइये। तब कल्याणदासजी ने बताया कि मैं एकबार उज्जैन के तीर्थ में जा रहा था। संयोगवश रास्ता भूल गया तो एक स्त्री से मार्ग पूछा उस समय उस महिला ने जिस हाथ के इशारे से मुझे मार्ग बताया था वह लटका आज भी भूल नहीं सका हूँ। यद्यपि इसे चालिस वर्ष बीत चुके है, तथापि हमें लटके की आज भी याद बनी हुई है। जो कामवासना आज तक नहीं जीत सका वह काम वासना जीतने का क्या उपाय बतायेगा। हाँ एक काम तूं कर सरधार में एक समर्थ बाबा है जिनका नाम है तुलसीदास। यह सुनकर मुकुन्ददासजी सरदार के लिये चल दिये। वहाँ मुकुन्ददास रहकर आश्रम की तथा तुलसीदासजी की सेवा करने लगे। आश्रम में रहकर कथा प्रवचन करते सभी लोग उनके अनुकूल हो गये। एकदिन संयोगवश रामानन्द स्वामी उस आश्रम में आये, सभी लोग उनकी कथा में चले गये किसी से मुकुन्ददास को पता चला कि रामानंद स्वामी आये है, वे भी कथा सुनने गये, बाद में रामानंद स्वामी ने पूछा आप कौन है, तब उन्हों ने सभी दांस्तान अपनी कह सुनाई, सुनते ही वे कहे कि आप अब यहाँ से जल्दी चले जाइये। आपके यहाँ रहने से हमारे तथा बाबाजी दोनों को विक्षेप होगा। यह सुनते ही मुकुन्ददास जय सीताराम कहकर चल दिये।

दूसरे दिन मुकुन्ददास कथा सुनने के लिये रात्रि में पीछे के भाग एकान्त में बैठे लेकिन वरसात हो रही थी जिससे आधी शरीर भीज गयी फिर भी कथा सुनते रहे। संयोगवश रामानंद स्वामी बीच में पेशाब करने के लिये पीछे के भाग में गये तो अन्धेरे में किसी को देखा और पूछा अरे भाई! यहाँ कौन है प्रकाश में देखते हैं तो वे मुकुन्ददास थे। कल आप को मना किया था पुनः आप आ गये। चलो जहाँ सभी बैठे हैं वहाँ बैठो। कथा की समाप्ति पर रामानंद स्वामी से मुकुन्ददास ने कहा अब आप हमें अपने पास रखलीजिये। बहुत स्थानों में घूमा लेकिन शांति नहीं मिली यदि आपकी आज्ञा हो तो साथ रहूँ। रामानंद स्वामी ने कहा कल मैं बंधिया जाने वाला हूँ। यदी तुलसीदास का आज्ञापत्र लेकर आइये तो साथ लेकर चलूंगा। तुलसीदास के आश्रम में सदाव्रत चलता था यह कार्य मुकुन्ददास को दिया गया कि आप जो भी आवे उसे दान देना। वे इस तरह दान देने लगे कि सारा भंडार खत्म हो जाय, ऐसा देखकर किसी ने तुलसीदास से जाकर कहा, तुलसीदास, मुकुन्ददास के पास जाकर पूछे कि आप ऐसा क्यों कर रहे हो तो उन्होंने कहा - आप मुझे दूसरे के साथ रहने का आज्ञापत्र देदीजिये, ऐसा ही तुलसीदास ने किया। मुकुन्ददास वह पत्र लेकर रामानंद स्वामी के पास गये और साष्टांग प्रणाम करके पत्र दे दिये। रामानंद स्वामी उन्हें अपने पास बडे आदर-प्रेम के साथ रखे। बाद में उन्हें दीक्षा देकर मुक्तानंदस्वामी नाम रखे। लोज में लेजाकर उन्हें रख दिये और स्वयं भुज चले गये। इस प्रकार मुक्तानंद स्वामी निष्काम व्रत के प्रताप से सच्चे गुरु को प्राप्त किये।

एक निष्काम व्रत के लिए कितने गुरुओं को छोडे। जहाँ जाते वहाँ की सम्पूर्ण व्यवस्था सम्हालने के लिये दे दी जाती। मान-प्रतिष्ठा खूब होती तो भी निष्कामी व्रत के लिये तथा कामवासना जीतने के लिये वे एक ही झटके में छोडकर निकल देते थे। सत्यनिष्ठ होने से ही उन्हें रामानंद स्वामी जैसे समर्थ गुरु मिले। बाद में पूर्ण पुरुषोत्तम नीलकंठ वर्णी का दर्शन हुआ और भगवान के प्रथम नंबर के प्रिय संतो में गिन्ती हुई।

हम भी इस प्रसंग को ध्यान में रखकर निष्काम व्रत को दृढता के साथ करें तो निश्चित ही भगवान के धाम के अधिकारी बनेंगे।

टोपीवाले को सत्संग का गुण (भाग-१)

- गोरधनभाई वी. सीतापरा (हीरावाडी-बापुनगर)

इंग्लैंड से अंग्रेज अपने देश में आये और अपनी सत्ता भारत में स्थापित किये। वर्षो तक राज्य किये। श्रीहरि कईबार कहते कि कोई ऐसा राजा उत्तर दिशा से आयेगा जो हमारी आज्ञा नहीं मानेंगे उनसे जबरदस्ती आज्ञापालन करायेगा जिससे संतो की रक्षा होगी। नीति नियम में चलेगा और दूसरे को चलायेगा । श्रीहरि का अंग्रेजो के साथ मिलन हुआ । ऐसी ही आज्ञा श्रीहरिने अंग्रेजो को की थी । यह भी कहे थे कि जब तक आपके शासन में नीति रहेगी तबतक आप का शासन रहेगा। जब अनीति का सहारा लेंगे तो शासन चला जायेगा। जैसे नाविक के विना नाव हो वैसे ही नीति के विना राज्य शासन। जिसमें नीति का वर्णन है जिसमें मनुष्य मात्र के सदाचार एवं धर्म का वर्णन है ऐसी शिक्षापत्री श्रीहरिने राजकोट में अंग्रेज अमलदार सरमाल्कम को दी थी । जोशिक्षापत्री आज भी इन्लैंड की ऑक्सपर्ट युनिवर्सीटी में सुरक्षित है।

अधर्मी लोगों को राजा जेल में बन्द करदेता था । हरिचरित्रामृत सागर में आधारानन्द स्वामी वर्णन करते है कि कसाई तथा अंग्रेजो की तरह गौ हत्यारे समाज में भी है वे स्वयं पापी मानते है। तीर्थ में तथा शुभ पर्व में वे पाप नहीं करते। सात दिन पेट के लिये पाप करते है, एक दिन (रविवार) को भगवान के लिये समय निकालना चाहिए। देशविदेश घूमते है फिर भी भूल वे नहीं करते । भगवान को हृदय में धारण करके प्रार्थना करनी चाहिए कि मैं रात-दिन अपराध ही करता रहता हूँ। आप के मन में जो आवे करना। आप समर्थ हैं । जैसी योनि दोगे वैसा स्वभाव बनेगा। जिसदेश में जन्म हो उस देश का गुण आवे। सत्संग केसमान कुछ भी नहीं है। जिस ने संग किया है उसे हम मनुष्य समझते हैं। जो सत्संग नही करते उन्हें हम पशु मसझते हैं । वर्णाश्रम धर्म को दिखाने के लिये लोग करते हैं। ब्राह्मण होकर चांडाल की पूजा करते हैं। जो शुद्ध वर्णाश्रम धर्म का पालन करते हैं उनकी सहायता हम करते हैं । इसीलिये हमारा राज्य है । संतो के ऊपर हम शासन नहीं करते । असत्य के बीज का नाश करना है। संतो को हम मस्तक पर रखते हैं। संत ही हमारे लिये सब कुछ है। संतोके बिना भूमि शोभती नहीं है । असत्य से क्लेश होता है । सत्संग के प्रभाव से असत्संगी भी तरजाते हैं।

श्रीहरि कहते है कि इस समय जो उत्तर दिशा से राजा आया है वह नीति से कार्य करता है, घुस नहीं लेता, चोरी राज्य में नही होती है । प्रजा को लूटने वाले को राजा जेल में रख देता है। प्रजा के दुःख को देखकर ईश्वर राजा में प्रवेश करते है, जिससे लोग सुखी हुए है । सत्संग का विकास हुआ है। अनीति का वास हुआ है। यंत्र मंत्र जादू-टोना इन सभी में लोगो का अभाव आया है। यह सब ईश्वरीयइच्छा से सम्भव है। प्रभु तो प्रजा का हित करते है। रक्षा करते हैं।

श्रीहरि ने सत्संग की प्रथा की वृद्धि के लिए राजा कोप्रगट किया है। नीति के अनुसार जो वर्तन करे उसमें भगवान का वास रहता है । नीतिमान का खान-पान भी देव के समान होता है। अनीतिवालों का निवास यमपुरी में है। यह सभी सत्संग का ही प्रभाव है। उस समय अंग्रेज राजा दुर्बल एवं गरीबों का सहयोग करता था। गरीब की रक्षा करता था। अनीति में डरता था। नीति से राज्य टिका रहता है। अनीति से राज्य चला जाता है । उस पर हरिकी कृपा नहीं होती।

स्वामिनारायण भगवान डभाण जाते समय खेड़ा पधारे। उस समय श्रीहरि स्वयं सामने से अंग्रेजो को दर्शन दिये थे । अंग्रेजो को समाचार मिलते ही चार टोपीवाले एकत्रित होकर कहे कि दश बजे हम अदालत में मिलेंगे। आज दूसरा काम बन्द रखेंगे। श्रीहरि के ऊपर अपार प्रेम था। बहुत समय से मिलने की चाहना थी। सामने सेमिलने आये है । जब श्रीहरि मिलने आये उस समय विलायती बाजा बजाया जाने लगा। स्वागत में चार टोपीवाले जिस में एर, रोल, बाकर, इगली सामने आकर अपनी टोपी उतारकर श्रीहरि को भेंटने लगे । बडे बडे यह देखकर आश्चर्य मानने लगे । बाद में श्रीहरि को दीवान खाना में पदार्पण करवाया ।

श्रीहरि को सुन्दर कुर्सी पर बैठाकर स्वयं चारो साहब सामने बैठे। श्रीहरि की शरीर आभूषण पुष्पहारों से ढंक गयी थी। वेसभी आपस में चर्चा कर रहे थे कि जो स्वर्णालंकार को पुष्पहार जितना भी नहीं समझता उसे बन्धन कैसे हो सकता है। जो कनक-सुन्दरी से बन्धन में आजाय तो उसके वर्तन का ख्याल आ जाता है। छोटी उम्र है तोभी यह स्थिति है। बाद में उन सभी ने कहा हमारे लायक कोई काम होतो कहिएगा। आप की नीति अच्छी है इसलिए हम आपको गुरु मानते हैं।

श्रीहरिने इस लोकतथा परलोक को क्षण भंगुर बताया। अंग्रेजों ने श्रीहरि को हार पहनाया। साथ में आये हुए काठी दरबारों को पान का बीडा खिलाया और सेन्ट शरीर पर छीटे। श्रीहरि को एक शाल का जोडा भेंट में दिये । एक एक वस्त्र राजाओं को दिये। विविध मेवा दिये। अंग्रेज टोपीवाले इस देश का काम पाटीदारों को पूछ कर करते थे। बदले में उन्हे मूल्य देते थे। सम्मान देते थे। तुलसी क्या है ऐसा पूछने पर बताया गया कि तुलसी एक वृक्ष है पौधा है जो भगवान के चरण में चढाई जाती है। पर स्त्री को हमारे यहाँ मा-बहन समझा जाता है । इसका त्याग बहुत कठिन है फिर भी समर्थ गुरुहों तो ही सम्भव है। कितने त्यागी होकर भी स्त्री के भोग में आसक्त रहते है। लेकिन हमारेपास ले आये वे परस्त्री को माता कहने लगेंगे। हमारे यहां शिष्य गृहस्थ होते हुए भी परस्त्री को माता मानते हैं।

. भगवान के भक्ति की महिमा

- स्वा. घनश्यामदासजी गुरु
केशवचरणदासजी (लोस एंजलस)

भगवान के भक्ति की महिमा अपरंपार है। सभी अवतारो के अवतारी सभी कारणो के कारण सर्वोपरि भगवान स्वामिनारायण अपने मुख से भक्ति की खूब महिमा बताये है। शिक्षापत्री में कहे है कि - भगवान की भक्ति जैसा कल्याणकारी दूसरा कोई साधन नहीं है। भक्ति एवं सत्संग न हो तो भले ही वह विद्वान हो तो भी अधोगति को प्राप्त करता है। वचनामृत में श्रीजी महाराज ने भक्ति का माहात्म्य बताया है।

ग.प्र. १ धर्मकुल के आश्रित भगवान के भक्त गरुण के ऊपर बैठकर भगवान के धाम में जाते हैं।

ग.प्र. ४ श्रवणं कीर्तनं विष्णोः स्मरणं पाद सेवनम्।
अर्चन वन्दनं दास्यं साख्यमात्मनिवेदनम्॥
इस नवप्रकार की भजन को भक्ति कहा है।

ग.प्र. ४२ चाहे जैसा भी पापी जीव हो भगवान की शरणागति स्वीकार करले तो परमपवित्र होकर अभयपद को प्राप्त करता है।

ग.प्र. ६१ भगवान स्वयं भक्तवत्सल हैं। कृपासिंधु है। जब वे अपने भक्त को अपनी भक्ति करते देखते हैं तो उसके अधीन हो जाते हैं।

लो. ४ भगवान के भक्त को चाहिए कि सदा प्रसन्न होकर भगवान की भजन करे।

ग.म. २७ अपने-अपने धर्म में रहकर भगवान की भजन करना ही हमारा सिद्धान्त है।

व. १६ जो भगवान का आश्रय प्राप्त किये है, उनके लिए ब्रह्मांड का सुख नरक के समान है।

जे. ३ इस देह से भगवान के अनुस्म वर्तन करना यही भक्ति है, इसी से भगवान प्राप्त होते हैं।

ग.अ. ११ भगवान के चरण कमल की नवधा भक्ति के माध्यम से मन को जीतना।

ग.अ. १९ भगवान के चरण कमल रज को ब्रह्मा, शिव, लक्ष्मीजी, राधाजी, नारद, शुक, सनकादिक नव योगेश्वर भी अपने मस्तक पर चढाते हैं।

घनश्याम महाराज भक्ति माता को हरिगीता में भक्ति की महिमा बताये हैं। भगवान की भक्ति नव प्रकार से होती है।

१. श्रवण भक्ति : भगवान की लीला चरित्रों को सुनना भगवान के संतो की भक्तों की कथा सुनना।

२. कीर्तन भक्ति : भगवान के गुण कीर्तन गाना, शास्त्रों का पाठ करना, स्तुति करना, प्रार्थना करना, धुनि करनी।

३. स्मरण भक्ति : भगवान का स्मरण करना, मंत्र का जप करना।

४. पाद सेवन भक्ति : भगवान के चरण कमल की सेवा करना।

५. अर्चन भक्ति : षोडशोपचार से भगवान की पूजा करना। मानसी पूजा करना, भगवान की वस्त्रालंकार से पूजा करना, भगवान को भोग लगाना, आरती करना, मंदिर बनवाना, उत्सव करना, सद्ग्रन्थो का पुरश्चरण करना, विष्णुयाग कराना, भगवान के लिए बगीचा बनवाना इत्यादि।

६. वन्दन भक्ति : भगवान को साष्टांग नमस्कार करना, भगवान के चरणरज को मस्तक पर धारण करना।

७. दास्य भक्ति : भगवान के लिए पुष्प, तुलसी, चन्दन लाकर सेवा करना, मंदिर की सफाई करना, इत्यादि।

८. सख्य भक्ति : भगवान के साथ सखाभाव रखना, दृढ विश्वास रखना, संसार के पदार्थो की अपेक्षा भगवान में निष्ठा रखना, भगवान के चरित्रों में दोष बुद्धि नहीं रखना।

९. आत्म निवेदन भक्ति : भगवानसे संबंधित क्रिया करना, नेत्र से भगवान का दर्शन करना, कान से कथा सुनना, भगवान के चरण का स्पर्श करना, भगवान का चरणोदक लेना, नासिका से भगवान को अर्पित पुष्प का घ्राण लेना। बुद्धि से भगवान का निश्चय करना, चित से भगवान का चितवन करना, अहंकार से मैं भगवान का दास हूँ ऐसा अभिमान करना। भगवान के अर्पण में जो अंतराय हों उनका त्याग करना। खेती - व्यापार - धंधा भी भगवान के लिए करना, चन्दन, पुष्प, वस्त्र, अलंकार ए सभी भगवान का प्रसादी कराकर स्वयं ग्रहण करना चाहिए तप-यज्ञ-पूजन-व्रत-दान सेवा ए सभी भगवान की प्रसन्नता के लिये करना।

भगवान श्री रामचन्द्र शबरी की भक्ति को नवधा भक्ति बताये हैं। १. संतो का संग, २. कथा में प्रेम, ३. गुरु की सेवा, ४. कपट छोड़कर प्रभु का गुण गान, ५. मंत्र जाप, ६. अति प्रवृत्ति से निवृत्ति, ७. जगत को प्रभुमय देखना, ८. प्रभु की इच्छा से जो मिला हो उसी मेंसंतोष करना, स्वप्न में भी किसी मेंदोष नहीं देखना, ९. प्रभु में दृढ विश्वास।

रामायण में हनुमानजी, भरतजी, सीताजी, शबरी, केवट, विभीषण, कौशल्यामाता, दशरथजी, लक्ष्मणजी

की कथाओं से तथा भागवत में गोपी, उद्धवजी, विदुरजी, सुदामा, अक्रूरजी, नारदजी, शुकदेवजी, कुन्तीजी, उत्तरा, नन्द-यशोदा, ध्रुवजी, प्रहलादजी, अंबरीष राजा, बलिराजा, भीष्म, अर्जुन, परीक्षतराजा इत्यादि भक्तों की कथा से तथा सत्संगिजीवन, सत्संगीभूषण इत्यादि शास्त्रों में दादा खाचर, पर्वतभाई, झीणाभाई, इत्यादि भक्तों की तथा गोपालनंद स्वामी, ब्रह्मानंद स्वामी, मुक्तानंद स्वामी इत्यादि संतो की कथाओं से भक्ति की महिमाका गान किया गया है। भक्तों द्वारा निष्कपट भाव से अर्पित पत्र-पुत्र-फल-जल भगवान अंगीकार करते हैं। निर्मल भक्ति के विना भगवान तो नाना विध पक्वान्न की तरफ दृष्टि भी नहीं करते हैं।

भगवान के संतो द्वारा भगवान के माहात्म्य को समझ कर भगवान की भक्ति करके भगवान को प्रसन्न करना चाहिए।

पृष्ठ १७ से आगे.....

सत्संग बालवाटिका

उसके सारे बुरे कर्मो का प्रायश्चित हो जाता है और वह मलिन कर्म पवित्र कर्मो में परिवर्तित हो जाता हैं।

जोबन पगी ने भी बहुत खराब कार्य किए। परंतु जब वह स्वामिनारायण भगवान की शरण में गया तो उन कर्मो का नाश हो गया और वह वंदनीय भक्त बन गया। वालीया लूंटारेने अनंत पाप किए परंतु उसका नारदजी जैसे संत का समागम होने पर वे परम महात्मा वाल्मिकी ऋषि बन गए। यह है सत्संग का माहात्म्य। इसीलिए तो स्वामिनारायण भगवानने शिक्षापत्री में लिखा है कि नित्य संत समागम करना ही चाहिए।

श्रीहरि के अवतार धारण करने का प्रयोजन

- प्रो. सूर्यकांत भट्ट (भुज)

इस पृथ्वी पर जब जब धर्म से अधिक अधर्म सत्य एवं पुण्य से अधिक पापाचार, दुराचार बढने लगता है तब तब धर्म की रक्षा के हेतु, पुण्यशालिओं की रक्षा के लिए, दुराचारी और असुरों के नाश हेतु, जीवात्माओं के मोक्ष हेतु भगवान प्रगट होते हैं। भगवान अवतार लेकर भी जो मनुष्यलीला करते है उसे समझना बहुत कठिन है। पूर्व के योगभ्रष्ट या अति पुण्यशाली आत्मा ही परमात्मा की मनुष्य लीला समझ सकते हैं।

बडे संत महात्मा ऐसा समझाते हैं कि कोई राजा सभी को ऐसा कहते फिरे की वह राजा है तो उसकी कोई कींमत रहती नहीं है। लोग उसे राजा के स्वस्म में स्वीकार्य करते ही नहीं है। उसे जानने वाले ही उसकी हुकुमत को अपनाते हैं। इसी प्रकार भगवान को सत्पुरुष, संत ही पहचान सकते हैं।

श्रीजी महाराज ने एक समय स्वयं प्रश्न किया कि भगवान जीव के कल्याण हेतु पृथ्वी पर अवतार धारण करतें है। तो क्यां अपने ही लोक में रहकर लोगों का कल्याण करने में समर्थ नहीं है? और कल्याण तो भगवान जैसे चाहे वैसे कर सकते हैं फिर अवतार धारण करने का क्या प्रयोजन ? और अवतार धारण किए बिना भगवान कल्याण नहीं कर सकते तो यह उनकी असमर्थता है। इसीलिए भगवान तो अवतार धारण करके भी कल्याण करते हैं और बिना अवतार धारण किए भी ! यहाँ मुख्य प्रश्न है भगवान अवतार क्यों धारण करते है ?

ऐसे गहन प्रश्न की समझ सरलता से देने के लिए तथा समझ को और दृढ बनाने हेतु भगवान में प्रेम विश्वास संपादन करने हेतु श्रीजी महाराज समय-समय पर सभायें करते रहें है।

सभा में बड़े बडे संत, मुनिवर बिराजमान थे। ऐसा प्रश्न सुनकर सभी चकित हो गए। अपनी बुद्धि अनुसार सभी उत्तर देने लगे। परंतु महाराज को संतोष नहीं हुआ। तब सभी हाथ जोड़कर कहने लगे महाराज ! कृपा करके इस प्रश्न का उत्तर आप ही दीजिए। संतो के आग्रह को मान देकर महाराज ने उपदेश दिया कि भगवान के अवतार धारण करने का प्रयोजन यही है कि जो भक्त है उनके आधीन हो कर उनको सुख देने के लिए जैसी भक्त की इच्छा होती है वैसा स्वस्म भगवान धारण करते हैं। और भक्त की मनोवांछित कामना पूर्ण करते हैं, भक्त स्थूल भाव से युक्त है देहधारी है इसीलिए भगवान भी स्थूल भाव से देहधारी जैसे ही हो जातें है। और अपना सामर्थ्य छिपाकर भक्त के साथ पुत्रभाव से रहते हैं। सखाभाव से रहते हैं। इस प्रकार अपने भक्त की इच्छा पूर्ण करने के लिये भगवान अवतार धारण करते हैं। साथ ही असंख्य जीवों का कल्याण भी करते हैं। धर्म की स्थापना करते हैं। अब किसी को शंका है तो कहो। सभीने हाथ जोड़कर महाराज से कहा अब यथार्थ उत्तर हुआ।

इस प्रकार विशेष विचारे तो सभी अवतार के अवतारी अपने श्रीहरि जीवात्मा के आत्यंतिक कल्याण के हेतु हमें सर्व सुख प्रदान करने इस भूलोक में स्वयं पधारते है। इस पर विचार करते रहे तो हमारा जीवन धन्य हो जाएगा। हमारा आध्यात्मिक सुख अवश्य विस्तृत होगा !

शियाणी .में श्रीहरि

- चंद्रकांत मोहनलाल पाठक (गांधीनगर)

शियाणी गाँव के नुक्कड पर भगवान श्रीहरि खड़े खड़े सोच रहे थे कि गाँव में जाऊ या नहीं ? उसी समय सामने से शिवराम भट्ट और भीमजी वोरा आते हुए दिखाई दिए ।

अहोहो .... महाराज यहाँ कब से पधारे हो ? ऐसा कहते कहते साष्टांग प्रणाम करने लगे । बाद में कहा कि महाराज गाँव में पधारिए ।

गाँव में किसके यहाँ ठहरेगें ?

हे महाराज ! घोड़ो को भी बाँध सके उतनी जगह तो मेघा पटेल के घर में हैं । बाकी आप जहाँ चाहे वहाँ ठहर सकतें हैं ?

मेघा पटेल के घर श्रीजी महाराज पधारे । पटेल तो आनंदित हो गये । बहतु सेवा की । चारपाई बीछा दी । नया गद्दा और चदरा बिछा दिया । पीछे तकिया भी लगा दिया । महाप्रभु वहाँ विराजमान हुए । संतो तथा पार्षदो के बैठने की व्यवस्था अच्छी तरह से की गई । घोड़ो को चारा डालकर मेघा पटेल श्रीहरि के पास आकर बैठे ।

हे महाराज ! आज तो आप यहीं आराम कीजिए । रसोई की व्यवस्था करता हूं ।

भगवान स्वामिनारायण कहते हैं नहीं पटेल ? रसोई तो यह भीमजी के यहाँ भट्टजी के यहाँ करना चाहता हूँ । उन्होने कहा हमारे घोडे कहीं और बाँध सके उतनी जगह वहाँ न होने की वजह से यहाँ ठहरा हूँ ।

आप यहीं भोजन करेंगे तो हमको बहुत आनंद मिलेगा । मेघजी पटेलने आग्रहपूर्वक कहा ।

महाराज ने कहा तो ठीक है - भोजन में दाल, रोटी और शब्जी जैसा कुछ हलका भोजन बना दो । अरे ! हमारे प्रभु के लिए कच्ची रसोई क्यों बना दें? स्वादिष्ट, मीठे लड्डू का भोजन कीजिए । हमें भी प्रसाद का लाभ मिलेगा ।

ठीक है तो आप प्रसन्न हो जाइए । जैसा आप चाहते हैं वैसा ही करेंगे । श्रीहरि मेघजी पटेल के प्रेम से प्रसन्न हो गए । ब्रह्मचारी ने रसोई बनाने की शरुआत की । मेघजी जरुरी चीजें ले आएँ । उसके बाद श्रीहरि तथा संतो की और हरिभक्तों की सेवा में लपट गए । इतने में चूरमें का आटा तैयार हो गया । महानुभावानंद स्वामी एवं श्रीजी महाराज बैठे थे वहाँ आकर कहा पीढ़ा कहाँ है । काठी हरिभक्तों में से कोई कुछ बोला नहीं यहाँ पीढ़ा कहाँ हो सकता है जो लेने आए हो ? पीढ़ा का क्या करोगें महाराजने पूछा ?

पीढ़ा पीढ़ा क्या कर रहो हो ? पटेल को कहिए ? हंसते मुस्कुराते श्रीहरि ने कहा, सभा भी इस रमूज से मुस्कुराने लगी । मेघजी पटेल तुरंत खड़े हो गए । घर के अंदर जाकर घरवाली को कहने लगे साधु घी गुड़ लेने आए हैं तो आप उन्हें दे दो।

घी गुड़ नहीं मिलेंगे । गाँव में आप ही एक भगत हैं जो सबु कुछ दे रहे हो । घी गुड़ दूसरे भगत के यहाँ से मंगवा लीजिए । सबु कुछ आपही करेंगे तो घरबार खाली हो जाएगा । घर का व्यवहार हमें चलाना है । पटलाणी ने आक्रोश पूर्ण भाव से कहा ।

मेघजी पटेल क्षणभर चकित हो गए । परंतु श्रीहरि यह संवाद सुनकर खड़े हो उठे । जहाँ पटेल थे उस घर के अंदर गए । पटेल को कहा घी गुड़ तो भीमजी वोरा देने को कह गए है। आपकी पत्नी की बात ठीक है । घरका व्यवहार भी तो उसे ही चलाना है। आप तो भाग्यशाली हैं कि आपको ऐसी पत्नी मिली है । बहन ! आपने तो बहुत कुछ दिया है आप जैसी उदारता तो बहुत कम स्त्रिओं में होती है ।

महाप्रभु ने प्रशंसा करते-करते पटलाणी का हृदय परिवर्तन कर दिया । उसके बाद पटेल को कहा आप भीमजी वोरा को बता दीजिए वे घी गुड़ दे जाएँगे । तुरंत पटलाणीने कहा नही, नही महाराज उनके यहाँ से कुछ भी नहीं लाना है । आपकी दया से हमारा घर भरा-भरा है । किसी बात की कमी नहीं है । आपके जैसे बड़े मेहमान कभी-कभी आते हैं । सुनिए । पटेल घी और गुड़ कोठी में से अभी निकाल देती हूँ । और महाराज ! आपको जो चाहिए वह भगत को बता दीजिएगा । दूसरे किसी स्थान से मंगवाना मत । आप और संतगण प्रसन्नता से भोजन कीजिए ।

श्रीहरिने उस बहन से फिर से कहा, आपके पिता का सत्संग बहुत सुंदर था । आपके पिता के सारे गुण आप में पूर्णतया आए है । बोलने-चालने में बात करने में आपका विवेक पूर्णतया दिखाई देता है । मेघजी पटेल ने घी और गुड़ दोनो साधुओं के पास पहुँचवाया ।

रसोई तैयार हो गई । श्रीहरि के लिए भोग तैयार हो गया । महाप्रभु प्रसन्न वदन भोजन करने बैठे । भोजन समाप्त होने आया तब शिवराम विप्र भी अपने घर से भोजन की थाल ले आए । श्रीजी महाराज के लिए भोग तैयार करवाया है । आप क्यों लाए हो ? महाराजने कहा

हे महाराज ! पटेल का प्रसाद भी

ग्रहण कीजिए और हमारा भी ! तब मेघजी पटेल ने कहा ब्रह्मदेव ! हमारा भोग तो महाराज ने हमारी आबरु रखने के लिए लिया है। यह बात सुनकर सब हंसने लगे।

शिवराम भट्टने बिनती की। हे महाराज ! एकबार हमारे घर आप पधारिए। भट्टजी उत्तम भक्त थे। उनकी भावना देखकर श्रीजी महाराज उनके घर पधारे। श्रीहरि आए है ऐसा सुनकर गाँव के राजा भी दर्शन करने आए और महाराज के पास जाकर बैठे। उसके बाद आगे बात करने लगे। हमको देख कर कितने ही शुद्ध हृदयवाले हमारी तरफ खींचे आ गए हैं। और समाधि को प्राप्त हुए है। इसीलिए समाज के कीतने ही लोग हमें जादूगर कहकर बुलाते हैं। परंतु हम कोई जादू नहीं करते हैं।

उस समय वहाँ बैठे हुए कितने ही भक्त बोले हे महाराज ! आप जादूगर तो है यह बात तो सच है। परंतु आप के पास जो जादू है वह सच्चा जादू है। दूसरों के जादू झूठे और मलिन होते हैं। आप अपने भक्तों की इच्छा पूर्ण करते हैं। जैसे दर्शन के स्वप्न में देखना चाहते हैं वैसे स्वप्न में आप दर्शन देते हैं। परंतु आपका सर्वोपरि स्वप्न एक ही है। विपरीत मतिवाले यह समझते नहीं है। इसीलिए आपको जादूगर कहते हैं। आपके अलावा अन्यत्र काम, क्रोध, स्वार्थ का साम्राज्य है। साधु के भेष में शैतान होते हैं। भगवान की मूर्ति का आश्रय लेकर भीख की महिमा सुनाते हैं। संत की सेवा ही मुक्ति का द्वार बताते है। अनेक स्त्री पुरुषों को सेवा में फंसाते हैं।

ऐसा सुनकर श्रीहरि ने हंसते-हंसते पूछा, ऐसा उत्तम ज्ञान आपने कहाँ से पाया ? तब हरिभक्तों ने कहा ऐसी समझ हमको शिवराम भट्टने प्रदान की है। हमको उनमें पूरा विश्वास है। वे सत्य को सत्य ही कहतें हैं। असत्य को वे तुरंत पहचान जाते हैं। ऐसी उनकी बुद्धि है। उन्होंने अनेक शास्त्रों का अभ्यास किया है। इसीलिए हम उन्हें मानते हैं।

इतनी चर्चा होने के बाद श्रीहरि भोजन के लिए उठे। अन्नकूट के लिए बड़ा थाल रखा देखकर बोले भोजन करने के लिए हम दो ब्रह्मचारी ही हैं तो फिर इतना भोजन क्यों बनवाया है ? ब्रह्मचारी ने कहा कि यहाँ के हरिभक्तों की इच्छा थी की आप को भोजन करवाने का ऐसा लाभ हम को कभी नहीं मिलेगा। इसीलिए जितना हो सके उतना पकवान बनाया जाय। शिवरामभाई आदिक ब्राह्मणो ने हमारे ध्यान में ही रसोई बनाई है। श्रीहरि बातें सुनते सुनते भोजन कर रहे थे। प्रसाद का थाल तावी के दरबार अखाभाई को दिया गया। ऐसे में बारिश गिरने लगी। श्रीहरिने कहा, अब तो अहमदाबाद नहीं जा पाएगे। थोडे दिन मेथाण रह कर सोरठ की तरफ चलेंगे। दो घडी आराम करने की बात की। शिवराम भट्ट ने दो दिन अधिक रहने का आग्रह किया। परंतु महाराज ने इन्कार कर दिया। इसीलिए वे उदासीन हो गए। महाराजने कहा उदास मत होइए। आपने श्रीहरि की सेवा की है। इसलिए हम तुम पर प्रसन्न हैं। भीमजी वोराने अपने घर श्रीहरि को पदार्पण करवाया। मोती शेठने श्रीहरि का पूजा करके जो धन-दौलत थी वह श्रीहरि को अर्पण कर दिया।

भक्तों के कल्पतरुस्म श्रीहरि के प्रस्थान के समय सभी हरिभक्त तथा गाँव के बाहर तक उन्हें छोडने आए। तब श्रीहरिने कहा, आप सभी काफी दूर तक आ गए हैं अब आप लोग वापस लौट जाइए। सभी लोग महाप्रभु को याद करते करते वापस लौट गए।

शिवराम भट्ट और मोतीराम शेठ जब तक जीवित रहे तब तक श्रीजी महाराज की सेवा में उपस्थित रहे।

अहमदाबाद श्री स्वामिनारायण मंदिर में दीपावली का शुभकार्यक्रम

धनतेरस : (आश्विन वद-१३) ता. १९-१०-२००६ गुरुवार

काली चौदस : आश्विन वद-१४) ता. २०-१०-२००६ शुक्रवार।

श्री हनुमानजी का पूजन-आरती, सायंकाल ६-४५ बजे प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के शुभकर कमलों से सम्पन्न होगा।

दीपावली : (आश्विन वद-१४) ता. २१-१०-२००६ शनिवार समूह खाता वही पूजन शारदापूजन, लक्ष्मीपूजन, सायंकाल ६ बजे अहमदाबाद मंदिर के सभा मंडप में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के शुभकर कमलों द्वारा विद्वान विप्रो द्वारा कराया जायेगा।

अन्नकूटोत्सवः आश्विन वद-३० ता. २२-१०-२००६ रविवार, गोवर्धन पूजा प्रातः ९-०० बजे, अन्नकूट आरती दोपहर १२-०० बजे, अन्नकूट रचना-दर्शन बंध सवारे १०-०० से १२-०० तक, अन्नकूट दर्शन १२-०० से ४-०० बजे तके।

नूतन वर्ष प्रारंभ : (कारतक सुद-१) संवत २०६३ नूतन वर्षाभिनंदन ता. २३-१०-२००६ सोमवार।

- कोठारी स्वामी

धर्म

- विद्यार्थी साधु गोपालजीवनदास
गुरु शा.स्वा. प्राणजीवनदासजी

इस जगत में मनुष्य अनादि काल से निरंतर सुख शांति और प्रतिष्ठा प्राप्त करने के लिए भिन्न भिन्न प्रकार का व्यवहार करता रहता है । परंतु वह यह नहीं जानता की वह पूर्णतया पाप में फंसा है और पुण्य के फल की आशा रख रहा है । आज का मनुष्य धर्म करता है । परंतु धन को अधिक प्रतिष्ठा देता है ।

इस संसार में मनुष्य चलते-फिरते पाप करता ही रहता है । तो फिर उसे सुख-शांति मिलेगी कहाँ से ? सभी की यह शिकायत है कि उसे सुख नहीं मिलता । जो सुख चाहिए वह तो जीवन में धर्म से आता है । जब धर्म पर चर्चा हो रही है तो यह धर्म क्या है ?

धार्यते इति धर्मः ।

जोधारण हो पाए वही धर्म है ।

शिक्षापत्री में धर्म की व्याख्या करते हुए भगवान स्वामिनारायण कहते हैं ।

धर्मोज्ञेयः सदाचारः श्रुति स्मृत्यु पपादितः ।

श्रुति में और स्मृति में जो कहा हैं उसका नाम धर्म है अब इस श्रुति और स्मृति में क्या कहा है ? सदाचार का वर्णन किया गया है । तो यह सदाचार क्या है ? पवित्र आचरण का नाम धर्म ।

मनुष्य घर की रखवाली के लिए कुत्ते को पालता है बिल्ली, तोता पालता है परंतु उसे रोज ताजा दूध पिलाने के लिए गाय. तो पाले उसी प्रकार मनुष्य को सुख-शांति चाहिए तो वह धर्म को पाले ।

निष्कुलानंद स्वामी लिखते है

धर्म छे अमने बहु वहालो,
एम कहे छे धर्मनो लालो,
धर्मवाला साथे अमारे हेत माटे,
कहे व्हालो वारे-वारे

जिस प्रकार ब्रेक बिना की गाड़ी अनहोनी में विनाश तो करती ही है । उसी तरह धर्महीन लोग भी दुःखी तो होतें ही है ।

श्रीजी महाराजने गढडा मध्य प्रकरण वचनामृत में कहा है कि भगवान की मूर्ति का आश्रय करते हो, भगवान के चरित्र का गान करते हो या सुनते हो या स्मरण करते हो परंतु जो धर्म को नहीं मानते उसे चांडाल जानना ।

इसीलिए सत्संगि जीवन में कहा गया है कि,

धर्म एव हतो हन्ति, धर्मो रक्षति रक्षितः ।

मानव जब धर्म का नाश करता है तब धर्म उसका नाश करता है और जब मानव धर्म का रक्षण करता है तब धर्म मानव का रक्षण करता है । मनुष्य का उद्धार धर्म से ही हो सकता है ।

पर्ण वगरनुं पुष्प न शोभे
पर्ण वगरनुं वृक्ष न शोभे
नीर वगरनुं सरोवर नकामुं
मोल वगरनुं खेतर नकामु
धर्म वगरनो मानव नकामो,

स्वामिनारायण भगवान कहते है,

जे धर्म केरु शुभि होय काज,
काले कर्यानुं करि लेवुं आज,
जो धर्मनो चित-विचार आवे,
डाह्या जनो ते दृढता करावे

स.गु. गुणातीतानंद स्वामी कहते है, कि हमारे अंदर क्रिया से बडप्पन प्राप्त होता है, धनसंपत्ति प्राप्त करके बडप्पन समझना चाहिए । धर्म से ही बडप्पन माना जाता है ।

किसीने सही कहा है पाप करते हुए वापस मुड जा, धर्म करने लग, मानव के पास मार्ग दो है, जो उसे सरल पड़ेउसे वह चुन ले । महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी का नाम हिंदू जाति के धर्म के अभिमान को लेकर ही अमर हो गया है । गुरुगोविंदसिंह के पुत्रोने धर्म की रक्षा के लिए ही दिवाल में चुनजाना ज्यादा पसंद किया । भगवान बुद्ध ने धर्म की रक्षा के लिए अपना शरीर गला दिया । मीराबाई धर्म के मार्ग के लिए विष का घूंट पी गई । ईसा मसीहा धर्म के रक्षण हेतु शूली पर चढ़ गए । युधिष्ठिर महाराज ने धर्म की रक्षा के लिए स्वर्ग में जाने के प्रस्ताव को इन्कार कर दिया । इस कारण इन सभी महापुरुषों के नाम अमर हो गए ।

परलोक में मदद के लिए माता-पिता, पुत्र, स्त्री और सगे-संबंधी नहीं आते वहाँ धर्म ही आता है । मृत शरीर को तो भाई और स्वजन एकत्र होकर काष्ठ से जलाकर घर चले जाते हैं ।

किसी कविने कहा है

मरनारनी चिता उपर चाहनार कोई चडु नथी,
कहे छे मरी जईश पाछलथी कोई मरतु नथी
देहने बलतु जोई आगमां कोई बकतु नथी
अरे आगने तो राऊ राखने पण कोई अडतु नथी ।

इसीलिए अंतिम समय में एक मात्र धर्म साथ आता है ।

अहमदाबाद मंदिर में श्री नरनारायणदेव की दैनिक सांध्य थाल

सर्वोपरि श्री नरनारायणदेव के शाम के पक्के थाल कुछ समय से शुरु किए गये है । तो जो भाविक श्रद्धालु हरिभक्तोको ठाकुरजी को शाम की थाल करवाने की इच्छा हो वह कोठार में ५००-रुपये भर सकते हैं । शाम के थाल की प्रसादी नही दी जाती है ।

कर्मयोग: एक विहंगावलोकन

- प्रो. महादेव धोरियाणी (राजकोट)

समस्त संसार के साहित्य में श्रीमद् भगवद्गीता जैसा कोई ग्रन्थ नहीं है। हिन्दू के धर्म एवं नीति का जिन्हें ज्ञान करना हो वे इस ग्रन्थ का अवश्य अध्ययन करें। गीता महाभारत के महाभंडार का एक अमूल्य रत्न है।

"नियतं कुरुकर्मत्वम्।"

हे अर्जुन ! तूं शास्त्र विहित कर्म को कर कारण यह कि - कर्म न करने की अपेक्षा कर्म करना श्रेष्ठ है कर्म बाह्य प्राप्ति के लिए नहीं अपितु आंतरिक विकास का अमोघ साधन है। इसलिए कभी भी निष्क्रिय नहीं रहना चाहिए। निष्क्रियता मृत्यु के समान है। सक्रियता जीवन की पहचान है। कर्म से शरीर, मन, बुद्धि सभी क्रियाशील रहते है। निष्काम बुद्धि से कर्म करने वाले का चित्त शुद्ध रहता है। परमपद की प्राप्ति होती है। "स्वे-स्वे कर्मण्यभिरत:" स्वयं के नियमानुसार कर्म में निमग्न होकर मनुष्य सिद्धि को प्राप्त करता है। "योग: कर्मसु कौशलम्" कर्मयोग की कुशलता है। (गीता. २/५०) तथा समाज का कल्याण होता है। कर्मयोग साधन भी है और निष्ठा भी है। निष्ठा अर्थात् अंतिम अवस्था।

कर्मयोग से ही शारीरिक क्रिया सम्पन्न होती है। उसी की देन है किबुद्धि में तेज शक्ति का प्रसार होता है। "कर्मणा शुद्धि:" अर्थात् कर्म से चित्त की शुद्धि होती है। चित्त शुद्ध होने से ज्ञान प्राप्त होता है। स्थित प्रज्ञ की तरह कर्मयोगी पुरुष को बताया गयाहै। गीता में कर्म शब्द स्वधर्म के लिए प्रयुक्त है। कर्म के साथ मन का सम्बन्ध होना आवश्यक है। विकर्म का कर्म के साथ सम्बन्ध भी आवश्यक है। विकर्म कोही गीता में मन का मेल कहा है। विकर्म का अर्थ होता है विपरीत कर्म निषिद्ध कर्म। गीता में कर्म का तीन प्रकार बताया गया है - सात्विक, राजसिक, तामसिक, संक्षेप में बाहर का सादा कर्म अंतर का विशेष कर्म ही विकर्म है। कर्म के साथ विकर्म का सम्बन्ध जोड़ने से शक्ति का विस्फोट होता है।

भगवान ने अर्जुन को समत्व बुद्धि से किये गये कर्म को करने की बात कही है। निष्काम कर्म की अपेक्षा सकाम कर्म का स्थान बहुत न्यून है। "समत्वं योग उच्यते" समता का भाव होना ही कर्म योग है। अर्थात् सुःख-दुख राग-द्वेष, इत्यादि द्वन्दो में भी जिस में समता का भाव है, उसी को कर्मयोगी कहा गया है। "गहना कर्मणो गति:" कर्म की बड़ी कठिन गति है। कर्म का ही अकर्म होता है। इस ध्येय की उपलब्धि के लिए स्वधर्माचरण स्मी कर्म करना आवश्यक है। धीरे-धीरे कर्म करते हुए स्वधर्माचरण के सहकार से निर्विकार होने का पूर्ण अवसर होता है। स्वधर्म पालन ही उस मार्ग का सच्चा धर्म है।

कर्मयोग की यह अद्भुत चाभी है। इस चाभी का सहकार लेकर सभी कर्म निस्पद्रव हो जाते है। जो मनुष्य कर्म में अकर्म को तथा अकर्म में कर्मका अनुभव करता है, वही बुद्धिमान है। अभिमान एवं आशक्ति का त्याग करके कर्म-अकर्म करना चाहिए।

कर्म की दक्षता ही योग है। सर्व समभाव का होना भी योग है। प्रत्येक शुभ कर्म यज्ञ है। गीता कर्मयोग की प्रधानता का समर्थन करती है। कर्मयोगी जागरुक होकर अन्तर को लगातार जागृत रखता है। कर्म करते रहना ही बुद्धियोग है यही कर्म योग है। यहाँ पर आत्मनिष्ठा के सुदृढ पाया पर कर्मयोग का उपदेश किया गया है।

कर्म करते समय यह कर्म में करता हूं। इसका फल भी मुझे मिले इस प्रकार को अहंकर्तृत्व बुद्धि नहीं आने देना चाहिए। "कर्मण्येवाधिकारस्ते माफलेषु कदाचन।" तुम्हारा कर्म में ही अधिकार है। इसलिए फल की स्पृहा छोड़कर अनासक्त होकर परमात्मा को प्राप्त करने में मन को लगा दे। जनक वै देही जैसे समर्थ ज्ञानी भी कर्म द्वारा ही परमलक्ष्य को प्राप्त कर सके हैं। क्रिया के विना कर्म होना सम्भव नहीं है। प्रत्येक कर्म किसी न किसी प्रकार की क्रिया है।

कर्म में दो विभाग हैं - अनाशक्ति स्म तथा आचरण स्म। लोकसंग्रह अर्थात् सामान्य व्यक्ति की उन्नति अथवा कल्याण के लिए लोकसंग्रह के अनुसार भी कर्म करना चाहिए। जिस कर्म को करने से ज्ञान का उदय हो वही धर्म है। कर्म - ईश्वर की प्रसन्नता के लिए अथवा सम्पूर्ण विश्व की शांति के लिए करो। प्रवृत्ति के विना मनुष्य नहीं रह सकता। प्रवृत्ति ही जीवन में सुःख दुःख की सृष्टि करती है। धर्म तथा अधर्म दोनो प्रवृत्ति से होते हैं। धर्म से अभ्युदय होता है।

कर्म मे आलस्य, प्रमाद का आना तमो गुण है। कर्म की एक कुशलता यह भी है कि कर्म परिवर्तित होता रहता है। उपनिषद् वांचने से थको तो गीता वांचन करो, गीता से थको तो पुराण वांचन करो कुछ परिवर्तन करते रहना चाहिए।

उपासना तो मनुष्य का एक कर्म है। इससे मुक्ति नहीं मिलती। यही जब भगवान के लिए की जाय तो भक्ति कही जाती है। भक्ति मानस कर्म है। ज्ञान भी ब्रह्मविषयक होने से भक्ति है। यथार्थ कर्म को छोड़कर अन्य सभी बन्धन करने वाले हैं। यथार्थ कर्म अर्थात् आशक्ति रहित होकर शोक-मोह से रहित होकर कर्तव्य का पालन करो। कर्म में दो प्रकार का बन्धन है - १. फल प्राप्त करना, २. कर्म पूर्ण करना। संक्षेप में कहना यह कि कर्म भी करो और बन्धन से विनिर्मुक्त रहो। यह जीवन जीने की एक कला है। एक अमोघ युक्ति है।

सत्संग सुरभि :

महाराज को जैसा जानता हूं वैसा कहूँगा

- अतुल भानुप्रसाद पोथीवाला (केनेडा)

गाफ गाँव में रावल नामक एक सत्संगी रहते थे । जिस दिन से महाराज का वे दर्शन किये थे उसी समय से महाराज को अवतारों का अवतारी सभी कारणो का कारण अर्थात् सर्वोपरि मानने लगे थे ।

यद्यपि महाराज कहा करते थे कि मुझे नारदजी तथा शुकदेवजी जैसासमझना। यही महाराज की महानता थी । स्वयं अनंतकोटि ब्रह्मांड के अधिपति थे फिर भी सभी भक्तों के हित के लिए उनके अनुकूल वर्तन करते थे ।

एक समय गाँव के राजा भागवत की कथा सुन रहे थे । उस समय गाँव के सभी लोग कथा सुनने आते थे । जिस में सत्संगी भी आते तथा अन्य भी आते थे । भक्त रावल भी कथा सुनने सबसे पहले आकर बैठ जाते । हाथ में माला और स्वामिनारायण का निरन्तर जप चलता रहता । जब छींक भी आती "तोस्वामिनारायण" इस प्रकार जोर से बोलते । दरबार भी इस कथा में आते । दरबार को इस प्रकार की रावल की हरकत विचित्र लगती थी । एक दिन सभी सत्संगियों को बुलाकर दरबार ने कहा "रावल प्रतिदिन भागवत की कथा सुनने आता है, स्वामिनारायण का जप करता है, जब भी छींक आती है तब स्वामिनारायण ही बोलता है। इसलिये उससे आपलोग पूछिये कि भगवान रामचंद हुए है वे समुद्र पर पुलबांधे थे और रावण जैसे राक्षस का बध किये थे । श्रीकृष्ण भगवान थे वे कंसादिक का बध किये थे । और गोवर्धन पर्वत उठाये थे - जिससे उन्हें भगवान कहा जाता है । लेकिन स्वामिनारायण ऐसा क्या चरित्र किये है, जिससे उन्हें भगवान कहते हो ? रावल सभी हकीकत जान गया दरबार के प्रश्न को जानकर उसने कहा कि बाबू आप को खबर नहीं है लेकिन राम-कृष्ण ने जो जो चरित्र किया है वही स्वामिनारायण भगवान ने आज्ञा मात्र दिया है, इससे अधिक तो कुछ नहीं । आप तो राजा है । आप की आज्ञा का पालन सेनापति या प्रधान सभी लोग करते हैं । आपकी आज्ञा का उल्लंघन नहीं करते । इसी प्रकार स्वामिनारायण भगवान चक्रर्ती के स्थान पर हैं ।

उस समय दरबार ने कहा, देखो रावल तो स्वामिनारायण को सभी का कारण वता रहे हैं । बाद में सभी भक्तजन ने भी कहा कि महाराज ने स्वयं अपने को सर्वोपरि नहीं कहा है, तो आप क्यों कहते हो ।

तब रावल ने कहा "मैं जैसा महाराज को जानता हूँ वैसा कहता हूँ।" तब सभी भक्तों ने कहा आप विमुख हैं । इसलिये मंदिर में नहीं आना । तब रावल ने कहा मंदिर आये विना नहीं रह सकता । मैं महाराज की आज्ञा का उल्लंघन नहीं कर सकता ।

एक समय की बात है कि महाराज वडताल जार हे थे । उस समय गांफ गाँव होकर निकले । दरबार के साथ में सभी भक्त भी महाराज का चरण स्पर्श किये । लेकिन रावल सबसे अंत में जाकर प्रणाम किये । महाराज ने देखा कि जो भक्त प्रतिदिन सबसे पहले मेरी उपासना में आगे रहता है वह आज क्यों मुरझाया हुआ है ?

महाराज रावल को बडे प्रेम के साथ अपने पास बुलाये "रावल आप बहुत दूर क्यों खडे हो, नजदीक आओ न ।"

सभी भक्तों ने कहा : महाराज ! हमलोगों ने इन्हें विमुख किया है । नित्य नियम में कही भूल हुई है क्या ? महाराज नेपूछा । तब हरिभक्तों ने कहा नही महाराज । वें तो बडी दृढता के साथ वर्तमान नीति-नियम पालते हैं । भागवत की कथा के समय जो घटना घटी थी वह सब महाराज को सुना दिये ।

यह सुनकर महाराज तो बडे कृपालु है तुरन्त घोडी से उतरकर रावल को गले से लगा लिए । आज भगवान एवं भक्त के देह का अंतर भी नहीं रहा । दरबार के साथ सभी भक्तजन भगवान तथा भक्त के इस मिलन को नवाज रहे थे । महाराज रावल की पीठ को थपथपा रहे थे । सभी के ऊपर अमित प्रेम की धारा वर्षाते हुए बोले । रावल जैसा मुझे जानते है वैसा ही कहते हैं । मैं अकेला हूँ यही यथार्थ है । जिसने चन्द्र को जानलिया उसे तारा जानने की क्या आवश्यकता ? वाह रावल तुम्हारी भक्ति धन्य है । सर्वोपरि उपासनाकी समझभी तुम्हारी धन्य है । महाराज के साथ संत एवं काठी दरबार भी थे । गांफ गाँव के बाहर सर्वोपरि स्वस्म का अनायास ही सभी को यथार्थ ज्ञान हो गया । आज भक्तों का हृदय भगवत स्वस्म को पहचान सका । सभी का अहंकार निकल गया । सभी के आनन्द की सीमा न रही ।

आज गांफ के बाहर मानो सहजानन्दी सूर्य सर्वोपरि कला से खिल उठा है ।

सत्संग बालपाठिका

संपादक : शास्त्री हरिकेशवदासजी (गांधीनगर)

आदरेज में अन्नकूट हुआ

- शा. हरिप्रियदास (गांधीनगर)

जय स्वामिनारायण मगनभाई ! जय स्वामिनारायण.... जय स्वामिनारायण मोहनभाई ! कैसे हो सब आनंद मंगल से तो है। हाँ सब कुशलपूर्वक है परंतु.... परंतु। तो बताइए क्या बात है आपको क्या चिंता हो सकती है सभी तरफ आपकी ही तो जय जयकार है। हाँ वैसे तो सब ठीक है। परंतु इस दीपावली में लोग घर आकर मीठाई खा जाएगे। इसका कुछ उपाय बताइए। परंतु इसमें क्या तकलीफ है मोहनभाई ! इसकी तो सुंदर उपाय है हमारे पास। बोलिए बोलिए ..... तब तो आप ही मेरे भगवान हो। नहीं नहीं भगवान तो एक ही है स्वामिनारायण। इस दीपावली में भगवान स्वामिनारायण आदरेज पधारेगे। इसीलिए मैंने सोचा है कि हम इस दीपावली में आदरेज जाएँगे। इस तरह भगवान के दर्शन भी हो जाएँगे तथा सगेसंबंधियो की भी कोई चिंता नही रहेगी। यह उपाय अच्छा और सरल है मगनभाई ! आपके साथ मैं भी चलूँगा। दोनो मित्र साथ मिलकर दीपावली का उत्सव मनाएँगे।

स्वामिनारायण भगवान उत्तर गुजरात के गाँवो में विचरण करते हुए आदरेज पधारे। उस समय गाँव में पाटीदारो की वस्ती अधिक नहीं थी। खांट जाति के दरबार वहाँ बसते थे। उसमें रतुजी खांट महाराज के अनन्य भक्त ! महाराज उनके घर पधारे। आसपास के गाँवो में समाचार मिला। स्वामिनारायण भगवान दिपावली और अन्नकूट उत्सव आदरेज में करने वाले हैं। इसीलिए सभी संत-हरिभक्त चारोतरफ से आदरेज आने लगे। रतुजी खांट के घर के आगे आंगन में रोज सभा होने लगी। प्रभु उपदेश देते।

एक दिन समाचार मिला कि मुक्तानंद स्वामी वडोदरा विद्वानो की सभा जीतकर आदरेज आ रहे है। इसलिए महाराज संत-हरिभक्तो के साथ उन्हें लेने गए। और स्वामी को गले से लगाये। आज प्रभु बहुत ही प्रसन्न हुए थे। महाराजने मुक्तानंद स्वामी को बडी गाडी में बैठाया। बाद में उनके साथ नित्यानंद स्वामी, ब्रह्मानंद स्वामी तथा शामलीया चेतन्यानंद स्वामी को बैठाया, तिलक लगाया, हार पहनाया और सभा में कहा कि आज से हम इन चारो स्वामी को सद्गुरु बनाते हैं। सभी भक्त इनकी पूजा करे और आज्ञा का पालन करे। इसतरह आदरेज गाँव में महाराज कई दिन तक रुके।

दीपावली का दिन नजदीक था। संतगण सभी अन्नकूट उत्सव की तैयारी में लग गए थे। भिन्न-भिन्न प्रकार के पकवान बनाये गये। तब दरबार रतुजीने आकर महाराज से आज्ञा मांगी की महाराज ! हमारे यहाँ दीपावली के दिन दीपक का खेल होता है। आपकी आज्ञा हो तो खेला जाय। महाराजने पूछा दरबार ! कहिए तो खेल कैसा है ? प्रभु ! शाम को अंधेरे में मिट्टी के पात्र में जलती हुई ज्योत रखी जाती है। फिर उस पात्र को तालाब के पानी में रख दिया जाता है, उसके बाद एक के बाद एक दरबार बंदूक से निशान लेतें है कि जिससे पात्र टूट न शके। सिर्फ जलती हुई ज्योत का ही निशान लिया जाता है। जो यह कर सके वही सच्चा निशानबाज होता है। और उसके बाद गाँव के लोग उनका सन्मान करते हैं। प्रभु कहते हैं दरबार ! यह तो बहुत अच्छा खेल है खेलिए।

स्वीकृति मिल जाने पर सारी तैयारियाँ हो गई। महाराज, संतगण-पार्षद तालाब के किनारे पर आकर बिराजमान हो गए। समस्त गाँव यह देखने के लिए एकत्रित हो गया। मीट्टी के पात्र में दिया रखकर पात्र पानी में तैरने दिया। उसके बाद एक के बाद एक बंदूक से गोलियां फोडने लगे। परंतु निशान सही न लग रहा था। इसलिये महाराजने कहा कि दरबार ! ऐसा क्यूँ हो रहा है ? प्रभु ! सदैव ऐसा ही होता है। मुश्किल पचासमें से एक निशान ले पातें है।

महा प्रभु हंसते-हंसते कहने लगे दरबार ! हमारे पास एक ही बार में निसान लेने वाला एक निशानबाज है। आप कहे तो बताऊँ। दरबार तो मानने के लिए तैयार ही नहीं था। ऐसा निशानबाज भगवान के साथ कौन होगा। भगवानने भगुजी को आज्ञा की। भगुजीने हाथ में बंदूक ली और भगवान का नाम लेकर जब गोली छोडी तब एक ही बार में निशाना लग गया। स्वामिनारायण भगवान का जय-जयकार हो गया। दरबारो को ऐसा था कि खांट परिवार ही निशानबाज है। परंतु उनसे भी आगे बढे हुए हैं हमारे स्वामिनारायण भगवान के आश्रित।

बाद में दूसरे दिन अन्नकूट का बड़ा उत्सव किया गया। भिन्न पकवानों का भोग भगवान को लगाया गया। प्रभुने स्वयं आरती उतारी। हजारो भक्तों की

भीड जमा हुई थी । सभी को महाराजने भोजन करवाया । निष्कुलानंद स्वामी भक्त चिंतामणी में इस उत्सव की बात लिखते हुए कहते हैं कि -

"आदरेजमां अन्नकूट कीधो ।
करजीसने जेन ल्हावो लीधो ॥"

जिसने जिसने इस अन्नकूट के दर्शन किए उसकी तो दिपावली सुधर गई जिंदगी भी सुधर गई । भगवान के पास दिपावली मनाने का अवसर मिले इससे बडी और क्या बात हो सकती है ।

मित्रो ! जिंदगी में हम इतना शीखेंगे तो जीवन में राग, द्वेष ईर्ष्या, कुसंप, आदि एक ही बार में निकलजायेगा । साथ ही साथ भजन, भक्ति, सेवा, सत्संग, सद्भाव आदि सद्गुणो को जीवन में लेंगे तो ही सच्ची दीपावली मनाई कहलाएगी । और भगवान हमारे घर दीवाली और अन्नकूट उत्सव मनाने आएँगे ।

आपको आनंद तो आया होगा ! ... दीपावली और अन्नकूट उत्सव मनाने का लो फिर मिलेंगे अगले वर्ष । बालवाटिका के वाचको को नूतनवर्षाभिनंदन के साथ जय स्वमिनारायण ।

•

सत्संग की महिमा

- साधु श्रीरंगदास (गांधीनगर)

सरस्वती नदी के किनारे भद्रावती नाम की नगरी में धैर्यशाली, सत्यनिष्ठ धृतिमान नामक सोमवंशी राजा राज्य करता था। प्रजा का पुत्र की तरह पालन करता था । प्रजा के दुःख को अपना दुःख समझता था । प्रजा का भक्षण करने वाले को दंड भी देता था । उनके राज्य में अनीति का आचरण करने वाले को बडी सजा की जाती थी । परंतु उस समय या आज के समय में अनीति करने वाले, भ्रष्टाचार करनेवाले, चोरी-लूट, अति अधर्म, कार्य करनेवाले नास्तिक पापी, अधर्मी भी अपार थे । चाहेकितने भी न्यायप्रिय राजा हो फिर भी ऐसे पापियों की कोई कमी नहीं हैं ।

इस राजा के शहर में दानेश्वर, प्रभु भक्त, धनवान, सत्कर्म करनेवाला धनपाल नामक एक शेठ रहता था। धनपाल शेठ की शहर शहर में बहुत अच्छी कीर्ति थी। उनको भूदेव भी भक्तराज की उपमा देकर संबोधन करते थे । इस धनपाल को पांच पुत्र थे । शेठ ने पुत्रों को बड़े लाड-प्यार से पाला था । अच्छे संस्कार दिये थे । धीरे-धीरे धनपाल शेठ के पुत्र बडे हो रहे थे । शेठ के एक पुत्र का नाम धृष्टबुद्धि था । वह धीरे-धीरे कुसंग की राह पर चल पड़ा । उस पर पिता के संस्कार की असर नहीं हो रही थी । पाप करने लगा । कुकर्म करने लगा और नास्तिक बन गया । पिता धनपाल समझते थे कि ईश्वर सब कुछ ठीक करेंगे और घर में सभी को समझाते कि समय उसे सुधार देगा । परंतु धनपाल को पता नहीं था कि उसका पुत्र नास्तिक और भ्रष्टाचारी हो गया है ।


एक दिन धृष्टबुद्धि को खराब कर्म करने और व्यभिचारिणी स्त्री के साथ घूमते हुए देखा । इसीलिए पिता चिंतित हो गए । अतिशय दुःख हुआ । मैं मेरे पुत्र में संस्कार का सिंचन नहीं कर पाया । वह गलत राह पर क्यूँ चल पडा ? उसने अपने पुत्र को बहुत समझाया । परंतु वह समझा नहीं तो उसे घर से बाहर निकाल दिया । फिर भी उसने खराब कर्मो का त्याग नहीं किया । उसका धन घटने लगा । अब उसके मित्रोने भी उसका त्याग कर दिया । शहर में जाकर वह चोरी करने लगा । सैनिको ने उसे कैद कर लिया । और धृतीमान राजाने उसे शिक्षा दी । और उसके बाद उसको देशनिकाला दे दिया । राज्य के दरवाजे उसके लिए बंद हो गए । जो वह राज्य के आसपास भी दिखाई पडता तो राज्य के सैनिक उसे बहुत मारते । बाद में तो मार की डर से बन में चला गया । अब भयंकर जंगल में उसे खाने पीने के लिए कुछ मिला नही । मांस भक्षण करने लगा हिंसा करके गुजरान चलाने लगा । इस तरह निर्दोष प्राणिओं को मारने के कारण वह अधिक पाप में डूब गया ।

एक दिन धृष्टबुद्धि घूमते-घूमते गंगा के किनारे कौडिन्य ऋषि के आश्रम में गया । तब कौडिन्य ऋषि उस समय गंगा में स्नान कर रहे थे । धृष्टबुद्धि को ऋषि के दर्शन से चित्त पर असर हुइ । इसीलिए ऋषि के पास जाते हैं । वहाँ पर कौडिन्य ऋषि अपना वस्त्र धो रहे थे । उस भीगे हुए वस्त्र के पानी की बुंदे उस पर पडी । और सद्बुद्धि मिल गई। अंतर की मलिनता साफ होने लगी । अंतर पश्चात्ताप से भर आया । आंख में से आंसू गिरने लगे । महात्मा कौडिन्य ऋषि के चरणों में वह गिर पडा । हे महात्माजी ! हे ऋषिराज ! मैंने बहुत पाप किये है । मुझे पाप में से मुक्त कीजिए । कुसंग से मेरा अहित हो गया है । मेरे द्वारा बहुत ही अनिष्ठ कार्य हुए है, हे महात्माजी ! मुझे पाप मे से मुक्त होने का मार्ग बताने की दया कीजिए । महात्माजीने उस पर दाया की और यथायोग्य प्रायश्चित का मार्ग बताया । उसे तप व्रत के माध्यम से सत मार्ग का सूचन किया । धृष्टबुद्धि उसी प्रकार से श्रद्धा से ऋषि की आज्ञा मानने के कारणपाप से मुक्त हो गया और सुखी हो गया ।

मित्रो ! पुराण की यह बात बहुत कुछ शिखाती है । किसी भी प्रकार का मलिन जीव हो उसने चाहे कितने भी मलिन कर्म किए हो परंतु अगर वह प्रभु की या संत की शरण में जाता है तो

अनुसंधान पृष्ठ नंबर १०

?????????????? प्रश्न पेटी ??????????????



साधु भक्तिनंदनदास गुरु शास्त्री स्वामी पुरुषोत्तमप्रकाशदासजी

(श्री स्वामिनारायण मंदिर जेतलपुर)

प्रश्न : १ सर्वोपरि स्वामिनारायण भगवान की मौसीका क्यानाम था ?

प्रश्न : २ श्री धर्मदेव भक्तिमाता अपने पुत्रों को लेकर प्रथित पांडेय के घर रहने गयी, वहाँ प्रथित पांडेय की पत्नीने भक्तिमाता से क्या कहा ? उन प्रथित पांडेय की पत्नी का क्या नाम था ?

प्रश्न : ३ गढडा में गोपीनाथजी महाराजकी मूर्ति को श्री स्वामिनारायण भगवानने किस शिल्पी के पास तैयार करवाई थी ?

प्रश्न : ४ स.गु. ब्रह्मानंद स्वामी पिंगल शास्त्र किस गाँव में पढे थे ?

प्रश्न : ५ किसके सामने पैर पर पैर रखकर नहीं बैठना चाहिए ? यह आज्ञा महाराजने शिक्षापत्री के किस श्लोक में की है ?

प्रश्न : ६ श्री स्वामिनारायण भगवानने किस गाँव की सभा में किस साल में स्त्री-पुरुषों की अलग सभा प्रारम्भ की थी ?

प्रश्न : ७ श्री स्वामिनारायण भगवान को कितने वर्ष प्रकट हुए हो गया ? वह उत्सव अहमदाबाद देश के किस स्थान पर मनाया गया था ? उस उत्सवका क्या नाम रखा गया है ?

सितम्बर २००६ महीने के प्रश्नपेटी का सच्चा उत्तर तथा उत्तर देने वालों का नाम ।

(१) अहमदाबाद देश के आयार्य अयोध्याप्रसादजी महाराज एवं वडताल देश के आचार्य रघुवीरजी महाराजकी स्थापना संवत १८८२ कार्तिक शुक्ल एकादशी के दिन वडताल में आद्याचार्य के स्म में हुई थी । (२) सत्य को रखने के लिये चांडाल के यहाँ विके थे । (३) खोलडियाद (मूलीदेश - ता. बढवाण) के खेंगार भक्त । (४) नाथीबाई (नाथी वेश्या) (५) स.गु. गोपालानंद स्वामी । (६) स्वाभाविक चेष्टा के तीसरे पद की छठी कडी है । (७) ब्रह्मानंद स्वामी ने जब श्रीहरि जेतलपुर में गंगाबा के घर कोठी में छिपे थे उस समय बनाया था ।

१. पटले रेखाबहन कीरिटभाई (ऊंझा)
२. प्रियाबहन नरेशभाई (ऊंझा)
३. पटेल अजयभाई घनश्यामभाई (नांदोल)
४. पटेल ममताबहन अजयभाई (नांदोल)
५. पटेल अंजनाबहन मनुभाई (नांदोल)
६. साकरबहन नटवरभाई पटेल (नांदोल)
७. सां.यो. शिल्पाबहन शीतलबा (सुरेन्द्रनगर)
८. माणेकबहन मणीलाल पटेल (दहेगाम)
९. शिल्पाबहन मणीलाल पटेल (दहेगाम)
१०. गोरधनभाई शंकरदास पटेल (सोजा)
११. अमृतभाई कचरादास मोदी (सोजा)
१२. पटेल ज्योत्सनाबहन घनश्यामभाई (सापावाडा)
१३. बहनो का स्वामिनारायण मंदिर (मोखासण)
१४. शारदाबहन कांतिभाई पटेल (नांदोल)
१५. पटेल कैलासबहन विष्णुभाई
१६. पटेल कोकिलाबहन नटवरभाई (मेमनगर)
१७. पटेल गंगाबहन भक्तिभाई (झुलासण)
१८. संदीप, हिरल, पार्थ, हर्षिदा, भक्तिभाई (राणीप)
१९. आर. एम. बुटिया (बळोल-भाल)
२०. पटेल सविताबहन कांतिभाई (ओढव)
२१. विनोदभाई पी. पटेल (वहेलालवाला)
२२. शारदाबहन मोहनलाल सोनी (नवावाडज)
२३. त्रिभोवनभाई, हिरजीभाई सोमाभाई (नवावाडज)
२४. उर्मिलाबहन, रेखाबहन, इन्दिराबहन (नवावाडज)
२५. गंगाबा नानजीभाई लखमणभाई (नवावाडज)
२६. परमार शांतिभाई वी. (बळोल)
२७. शिंगाला गीताबहन आर. (बापुनगर)
२८. खिचडिया रिन्कूबहन एन. (बापुनगर)
२९. अरविंदाबहन नरेशभाई भावसार (चांदलोडीया)
३०. हसुमतीबहन के. ठक्कर (इसनपुर)
३१. वीणाबहन आर. भावसार (नवरंगपुरा)
३२. डाभी मफाजी सरदारजी (डांगरवा)
३३. रसिकभाई लालजीभाई पटेल (धाटलोडीया)

नोंट : प्रश्नपेटी का उत्तर प्रत्येक महीने की २२ तारीख तक आना अनिवार्य है । इसके बाद के आए हुए उत्तर का नाम लिखा नहीं जायेगा । जिसको सभी लोग जानलें ?

।। भक्तिसुधा ।।

मूली की जालबाई

- कंचनबहन बाबूभाई पटेल (रतनपर मूलीदेश)

मूली के गरासिया कुटुम्ब में जालबाई नाम वाली एक भक्ता थीं । स्वयं वे विधवा थी । भगवान की अखंड भजन करती रहती थी । एकबार मन में खेद हुआ कि बहुत दिन हो गये लेकिन महाराज का दर्शन नहीं हुआ । बाद में हृदय द्रावक स्दन करते हुए श्रीहरि की प्रार्थना करने लगीं । भगवान उनकी प्रार्थना सुनकर दर्शन देने के लिये पधारे। आकर कहे कि जालबाई हमें इस समय बहुत ठन्डी लग रही है, मुझे आग तापना है जालबाईने अग्नि प्रज्वलित करके घर में जितनी खार थी सभी तोड़कर जला दी, फिर भी ठन्डी गयी नहीं, बाद में कुल्हाडी लेकर पिटारी को काटने चली तब महाराज ने कहा पिटारी काटने की कोई जरुरत नहीं है । अब मेरी ठन्डी चली गयी ।

जालबाई महाराज के लिये भोजन बनाने की तैयारी करती है, तब महाराज ने कहा भोजन मत बनाइये गाँव के बाहर पार्षद भी साथ आये है, मुझे डभाण गाँव जाना है, जल्दी है, उन्हों ने जल्दी से दूध महाराज को पिलाया, और महाराज ने पूछा कि हम डभाण में यज्ञ कर रहे है, आपके पास जितना धन है सब देंगी ?

जालबाई के पास पिटारे में एक हजार रुपये थे तुरंत ही निकाल कर दे दीं । अपने सभी गहने दे दीं । सब लेकर महाराज चल दिये । जालबाई बहुत प्रसन्न हुइ, भगवान से कहीं कि आप इसी तरह हर दम आया कीजिये । बाद में महाराज थोडा आगे जाकर वापस आये और कहे जालबाई यह धन आप अपने पास अभी रखीये रास्ते में खतरा है, जब जरुरत होगी तब मंगवालेंगे । अच्छा महाराज, ऐसा कहकर पोटली को लेलीं इतने में महाराज अदृश्य हो गये ।

यह तो भक्त की कसौटी करने के लिए महाराज पधारे थे । जालबाई भी असाधारण भक्ता थी अपने कर्तव्य निष्ठा से क्यों चूकतीं ।

•

यह गारा नहीं चन्दन है

- तरलाबहन अतुलभाई पोथीवाला

गढडा में महाराज दीपावली एवं अन्नकूट का उत्सव किये । धन तेरश से अन्नकूट तक प्रतिदिन प्रातः काल वासुदेव नारायण दालान में गद्दी तकिया लगवाकर महाराज विराजमान होते थे । अगल बगल संत भक्त बैठकर दीपावली की तैयारी करते और गीत बनाकर महाराज को सुनाते । दूध दूहने के समय महाराज खड़े रहते कम दूध आने पर स्वयं दूध निकालने लगते सायंकाल घोडी दौडाते ।

दीपावली के दिन सुन्दर भोजन बनाये गये अन्नकूट स्वयं महाराज ने सजाया । महाराज वासुदेव नारायण की आरती उतारे, बाद में भोजन की पंक्ति लगी छोटे संत बडे संतो को भोजन परोसकर खिलाने लगे । महाराज स्वयं संतो को बडे प्रेम से भोजन परसने लगते । जब बडताल मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा था तब महाराज वहीं कुर्सी डलवाकर बैठ जाते थे । सभी को प्रेरणा या मार्ग दर्शन देते रहते थे । सभी संतो की सेवा भावना देखकर भगवानने कहा आओ हम सभी गले मिलते हैं । तब भक्ति प्रियानन्द स्वामीने कहा नहीं महाराज हमारी शरीर गारावाली है । तब महाराज ने कहा वह गारा नही है, चन्दन है, आइये उसी से मिलना किया जाय । भगवान सभी काम करने वाले संत हरिभक्तों से भेंटे । गुणातीतानंद स्वामी थोडे दूर खड़े थे, महाराज ने कहा आइये स्वामी आप से भेंटू । महाराज मेरी शरीर गारावाली नहीं ।

फिर भी उनसे भेंट कर उनकी शरीर को गारा के प्रसाद से रंग दिया ।

सत्संग के लिये सदैव प्रवृत्त रहना भी भक्ति का एक प्रकार है ।

•

पुत्र का दान

- हीनाबहन संजयकुमार भोजाणी (मोरबी)

पंचाला गाँव में आज भी आनन्द की लहर है । सत्संग सागर आनन्द की लहर में डूब रहा है । क्यों कि महाराज संतो के साथ झीणाभक्त के दरबार में पधारे थे । महाराज रंगोत्सव करके अनेको भक्तों को सुखी किये हैं । नित्य नये भोजन बनते, रोज पंक्ति में खाने वालों की संख्या खूब होती, महाराज भोजन परोसते । ऐसी महालीला करके भक्तों के मनोरथ को पूर्ण किये थे । प्रतिदिन कथावार्ता, धुनि अगल-बगल के गाँव में करवाते नये सत्संगी बनने लगे थे । महाराज एकबार एक गाँव में पधारे, उस गाँव में एक ही घर सत्संगी का था । उस घर में एक वृद्धा माताजी थी, उनके दो पुत्र थे । संयोगवश किसी ने आकर खबर दिया कि आप के भगवान आज गाँव में पधारे हैं । माताजी बड़ी खुश हो गयीं । लकड़ी उठाकर जहाँ भगवान की सभा हो रही थी वहाँ पहुँच गई और जोर-जोर से चिल्लाकर हंसने लगी । बड़ी ध्यानमुद्रा से प्रभु को देखती जाती थी । महाराजने

माताजी को नजदीक बुलाया और पूछा आज इतना क्यों प्रसन्न है ? तब माताजीने कहा कि आप अखंड ब्रह्मांड के अधिपति है आप स्वयं इस गाँव में सामने से चलकर आये हैं आप हमारे ऊपर प्रसन्न तो हैं न ? महाराज ने कहा आप जैसी भक्ता जब मेरे ऊपर प्रसन्न है तो हमारी प्रसन्नता रहने वाली ही है । पुन: माताजीने कहा प्रसन्नता की बात आप कहते है आज मैं इतनी प्रसन्न हूँ कि जो आप मांगो सब दे दूंगी । आज कैसी विषम स्थिति है, एक गरीब महिला भगवान से कहती है । जो मांग दे दूँ । यह सुनकर सम्पूर्ण सभा स्तब्ध हो गयी। सब को ऐसा हुआ कि माताजी कुछ पागल हो गयी हैं । भगवान तो सर्वाधार है, इन्हें क्या कमी । लेकिन महाराज की इच्छा से सब होता है, महाराजने कहा, मैं जो मांगू माताजी वही आप देंगी ? माताजी ने हाँ कह दिया । भगवान ने कहा आप को जो सबसे अधिक प्रिय हो वही दीजिए । माताजी घर गयी स्मया धन दौलत सभी बांधने लगी, उसी समय बेटा खेत से आ गया उसे कहीं तूं जल्दी नहाकर तैयार हो जा, भगवान का दर्शन करने जाना है । भगवानने कहा है जो आपको अधिक प्रिय हो वही आप दीजिए, अब तो उनके मन में आया कि बेटा सबसे अधिक प्रिय है इसीलिये तुम दोनो मेरे साथ महाराज के पास चलो, दोनो का हाथ पकडकर महाराज के पास गयी और कही महाराज ! ये दोनो हमें अति प्रिय है, आप को वचन दिया, अब आप को दे रही हूँ । दोनो को स्वीकार करके संत दीक्षा देकर दोनो का नाम प्रसादानंद एवं दहरानंद रख दिया । धन्य है उस गाँव की भक्ता माताजी । इतिहास में आता है, गोपीचंद, ध्रुव, प्रहलाद को भगवतप्राप्ति के लिये माताओं ने ही भेजा था । आज अपने सम्प्रदाय में यह इतिहास है कि वृद्धावस्था में जिन्हे बेटे की जरुरत है उन्हें भगवान की शरण में दे दीं । उन्हें विश्वास था कि जिनकी गलेमे में कंठी है वे हमारी देख भाल करेंगें । जो भी शिक्षापत्री की आज्ञा में वर्तन करेंगे उन्हें जीवनमें कभी दु:ख नहीं आयेगा ।

सर्वोपरि भगवान नरनारायणदेव का आश्रय जिन्हों ने लिया है, जो भगवान स्वामिनारायण द्वारा स्थापित गद्दी के वफादार हैं उनके जीवन में सुख ही सुख रहेगा ।

•

तीन लाख की तीन बात

- सां.यो. मंजूबा-भारतीबा गुरु गोदावरीबा (हवेली अमदावाद)

पुराने समय की बात है यमुनाजी के किनारे किसी राज्य में मधुसूदन नाम का राजा राज्य करता था । राजा बड़ा धार्मिक था । उसके राज्य में प्रजा बडी सुखी थी । एक दिन रास्ते में एक महात्मा का दर्शन हो गया । वह महात्मा जोर से चिल्लाकर कह रहा था कोई एकलाख की एक बात तीन लाख की तीनबात खरीदेगा ? राजा सुनकर स्वयं सामने आकर महात्मा का स्वागत करके पूछा कि आप को क्या चाहिए, तब राजा से महात्माने कहा राजन् मैं जो मांगू वह आप देंगे । राजा ने हाँ कर दिया । महात्मा ने कहा हम कुछ महात्मा तीर्थाटन करने निकले हैं । आप के राज्य में कुछ समय रहना चाहते हैं । आप सभी के भोजन का प्रबन्ध कर सकते हैं क्या ? राजा कहने लगा यह तो हमारा अहो भाग्य है कि आप जैसे महात्मा मेरे यहाँ भोजन करेंगे । महात्माने कहा हम केवल तीन दिन आपके यहाँ भोजन करेंगे । इसके बदले में मैं आपको एकलाख की एक बात तीन लाख की तीन बात बताऊँगा जो आपके जीवन में काम आयेगी आप से कुछ लेना नहीं है । राजाने सभी के रहने खाने की व्यवस्था करवा दिया । राजा प्रतिदिन नये नये पकवान बनवाता । इस प्रकार महात्माजी तीन दिन तक नाना प्रकार के पकवान खाकर अत्यन्त प्रसन्नहुए । राजा को कहे कि मैं इसके बदले में तीन बात कहूँगा, जिसे स्वर्णाक्षर में लिखवाकर जीवन में उतारियेगा । इस बात की कीमत तीन लाख से अधिक है ।

१. ब्रह्म मुहूर्त में उठना चाहिए ।
२. आप से जो भी मिलने आवे उसका स्वागत आपसे जितना हो सके उचित करना चाहिए ।
३. किसी कारण क्रोध आये उस समय धैर्य से काम लेना चाहिए घबड़ाना नहीं चाहिए ।

इतना उपदेश देकर महात्मा चल दिये । राजा भी अपने महल में आया । तीनो बात का आचरण करना प्रारम्भ कर दिया । ऐसा करते हुए अधिक समय बीत गया । एक दिन राजा ब्रह्म मुहूर्त में उठकर यमुनाजी के किनारे टहलने गया । आकाश में अभी भी तारे दिखाई देते थे । अभी सम्पूर्ण अंधकार दूर नहीं हुआ था । इतने में दूर से किसी स्त्री के रोने की आवाज सुनाई दी । बड़ी धैर्यता के साथ आगे बढकर नजर करके देखा तो एक सुन्दर स्त्री रो रही थी । राजा उसके पास जाकर पूछा आप कौन हैं ? और क्यों रो रही हैं ? स्त्रीने कहा मैं विधाता हूँ ? तो आप रोती क्यों हैं । तब विधाता ने कहा मेरे रोने का कारण यह है कि कल इस राज्य के धार्मिक राजा की मृत्यु होने वाली है । यह वात केवल आपसे कह रही हूँ । यह सामने जो पर्वत दिखाई दे रहा है, उसमें से एक काला सर्प निकलेगा और कल साम को राजा को डंस लेगा । बाद में प्रजा बहुत व्याकुत हो जायेगी । मुझे भी उस राजा के लिए बहु मान है । इतनी बात करते ही वहाँ

प्रकाश फैलने लगा। राजा घोडे पर सवार होकर उस समय वहाँ अपने राज्य में आया। राजा बड़ा उदार एवं विद्वान था। दरबार में जाकर सभा के बीच में ब्राह्म मुहूर्त की सभी घटना वता दी । यह सुनकर किसी ने उसे भ्रमबताया, किसीने उसे स्वप्न बताया लेकिन सच्ची बात कोई मानने को तैयार ही नही हुआ। पर राजा इसे सत्य मान रहा था। महात्मा की बात में सत्यता झलकने लगी । दरबार में भी कितने लोग ब्राह्म मुहूर्त के स्वप्न को सही मानने लगे थे । महाराज मधुसूदन को संतान में मात्र एक कन्या थी। सभी मंत्री मिलकर तंय किये कि राजा के न रहने पर पुत्री पुरुष वेष में राज्य सिंहासन पर बैठकर राज्य सत्ता सम्हालेगी। राजा इस आदेश को संपूर्ण राज्य में घोषणा करवा दिया । यह सुनकर प्रजा व्याकुल हो गयी। फिर भी राजा की सान्त्वना से सभी में थोडा धैर्य आया।

दूसरे दिन राजा नित्य क्रम करके बाहर निकला और महात्मा की दूसरी बात का भी विश्वास कर लेना चाहिये। इसलिये सेवको को आदेश दिया की सामने पर्वत से काला भुजंग आने वाला है अतः स्वागत में उस पर्वत से लेकर यहां तक फूल विखेर दिये जाय, ठन्ढक वातावरण कर दिया जाय, धूप-दीप जला दिये जाय, जगह जगह दूध के कटोरे रख दिये जाय, और स्वयं बगीचे में एक आसन डलवाकर सर्प (मृत्यु) की प्रतीक्षा में बैठ गया। उधर सायंकाल समय हुआ कि वह काला नाग पर्वत से निकला। राजा की तरफ चला लेकिन सुगन्धमय वातावरण का आनन्द लेता हुआ, दूध पीता हुआ बडी मस्ती में बगीचे तक आया। इतने में सूर्यास्त हो चुका था। राजा ने नाग को देखते ही कहा कि आप अब अपना कार्य पूर्ण करें। नागदेवता राजा के स्वागत से प्रसन्न होकर बोले राजन् मैं आप के ऊपर बहुत खुश हूँ, आप को काटने जरुर आया था लेकिन अब आप मुझसे कोई वरदान मांग लीजिये। लेकिन राजा ने कहा कि हमारे पास कोई कमी नहीं है, आप से कुछ मांगने के लिये शेष नहीं । यह सुनकर नाग ने कहा जब मैं आप को काट नहीं सकता और आप मुझसे कुछ मांग नहीं सकते तो मैं स्वयं मर जाता हूँ। यह बात भी महात्मा की सत्य साबित हुई।

राजा आनंदित होकर अपने महल की तरफ चल दिये। रानी तो पहले से रो रही थी और पति केमरजाने के कारण तुरंत अपने बेटी को पुरुषवेश पहनाकर राजगद्दी पर बैठाने का प्रयत्न चल रहा था। राजा महल में प्रवेश करके अंतपुर में गया । वहाँ जाकर देखा तो रानी किसी पुरुष का संग कर रही थी, यद्यपि यह दृष्टि दोष से ज्ञान हुआ था। उनको ऐसा हुआ कि मेरी मृत्यु का समाचार सुनने से ऐसा हुआ हो । यह मात्र लोग ढोग ही करते है । यदि यथार्थ रुप में मरजाऊँ तब क्या होगा ? ऐसा विचार आते ही अपने कमर से तलवार निकाल लिया और पत्नी को मारने के लिए जाता है उसी समय महात्मा की तीसरी बात याद आ जाती है, "समझ के बिना क्रोध नहीं करना चाहिए ।" इसलिए तुरंत तलवार को म्यान में रख लिया। नजदीक से जारक देखा तो उसकी पुत्री ही पुरुष के वेश में अपनी मा के साथ खड़ी है, यह देखकर बड़ा प्रसन्न हुआ और आश्चर्य भी हुआ। यह तीसरी बात भी सत्य हुई। यह सब याद करके महात्मा को मन ही मन वंदन करने लगा।

"घनश्याम रंगीला"

(नंदकुंवर नाना रे कानो रमे छे मारी केडमां - राग)

घनश्याम स्नेही रे,
मंदिर पधारो नित्य हंसता ।
भक्ति कुंवर.... नाना रे, धर्म कुंवर नाना रे..
मंदिर पधारो नित्य हंसता... १
रंगमहोलना घनश्याम रंगीला
प्रत्यक्ष आवी मारा हृदयमां वसीया,
आवा ने आवा देजो रे
दर्शन दान हरि हंसता... २ घनश्याम
बाल स्वरूप घनश्याम स्नेही,
जोई रूप तमारुं थई छुं हुं तो घेली
छपैयाना राजा रे,
आवो ने वाला हंसता... ३ घनश्याम
कुंम कुंम पगली पड़ी मारे मंदिरे
झमझुम झांझरी रणके छे पगले,
मुखडुं जोवाने रे,
घेली करुं छुं तम वारणे... ४ घनश्याम
हूँ तो नित्य लाऊँ मत गमतां भोजनीया,
शीरोपुरी ने घेबर जलेबी,
पक्वान्न जमवाने रे
आवो ने वाला हसता... ५ घनश्याम
भक्त प्रहलाद नी एज विनंती
रूप तमारुं हृदयमां धारुं छुं
अक्षरधामे देजो रे
प्रेमे थे वास तम चरणे... ६ घनश्याम

- प्रहलादभाई विठ्ठलदास पटेल
करजीसणवाले (यु.एस.ए.)

सत्संग समाचार

अहमदाबाद मंदिर में श्री गणपतिजी का उत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ

सर्वोपरि श्री स्वामिनारायण भगवानने उत्सव मनाने की अद्‌भूत परंपरा की स्थापना की थी । उस में से भादो सुद-११ जलझीलणी एकादशी ता. ४-९-०६ के दिन दोपहर १-३० बजे श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति प.पू.ध.धु. आचार्य १००८ श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री के वरद् हाथों से श्री नरनारायणदेव के समक्ष श्री गणपतिजी का पूजन-अर्चन, आरती हुई थी । उसके बाद प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के साथ मंदिर के पूजारी और श्री नरनारायदेव उत्सव मंडल सहित संत-वर्णी और हरिभक्तो के विशाल समूह के साथ धून-कीर्तन भक्ति करते हुए श्री गणपतिजी की सुवर्ण की पालकी के साथ रथ का प्रस्थान हुआ । प्रस्थान मंदिर में से हवेली होते हुए हुआ । जो लांबेश्वर की गली में से केलीकोडम से होकर सीधा रीलीफ रोड से होकर सीधा नारायणघाट पहुँचा । वहाँ पर श्री गणपतिका पूजन-आरती की गई । उसके बाद रात्रि ७-०० बजे मंदिर के आंगन में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री पधारे तब लोगोने धून-कीर्तन उत्सव की अद्‌भूत कला प्रस्तुत की गयी । उत्सव करते-करते उनकी पालकी श्री नरनारायणदेव के मंदिर में पूर्ण हुआ । इस प्रसंग पर अहमदाबाद मंदिर के महंत स.गु. शास्त्री स्वामी निर्गुणदसाजी के मार्गदर्शन से संत-पार्षद मंडलने सुंदर व्यवस्था का आयोजन किया था ।

- कोठारी धर्मप्रकाशदास

कलोल श्री स्वामिनारायण मंदिर में उत्सव मनाया गया (श्रीनगर)

श्रीनगर कलोल विस्तार में श्री स्वामिनारायण मंदिर में ता. ९-८-०६ के दिन प.पू.ध.धु. बडे महाराजश्री के सानिध्य में सत्संग सभा आयोजित की गयी थी ।

जिस में छपैया मंदिर के पूर्व महंत स.गु. शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी तथा शास्त्री स्वामी पूर्णप्रकाशदासजी ने समग्र सभा में प.पू. बडे महाराजश्री का दिव्य संकल्प "श्री स्वामिनारायण म्युझियम" के भव्य निर्माण के बारे में विस्तृत माहात्म्य समझाया । तब वहाँ उपस्थित धर्मकुल प्रेमी हरिभक्तो ने श्री स्वामिनारायण म्युझियम के लिए ७ लाख (सात लाख) रूपयों की रकम प.पू. महराजश्री को अर्पण किया । दोनो संतो के अथक प्रयत्न से और पू. महाराजश्री की कृपा से कलोल में श्री स्वामिनारायण म्युझियम के लिए हरिभक्तों ने बहुत ही बडी रकम इकठ्ठी की । कलोल के भाविको की भक्ति धन्य है । हर वर्ष इस प्रकार ही श्री स्वामिनारायण म्युझियम के लिए योगदान चालू रखने के लिए हरिभक्तों ने समर्पण दिया है । कलोल के हरिभक्तो के ऊपर सदैव प.पू. बडे महाराजश्री और प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री १००८ श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री के वरद् हाथों से झूलोत्सव दर्शन को खोला गया था । उत्तर गुजरात के लाखो हरिभक्तोने इस प्रसंग के दर्शन का लाभ लिया था । यहाँ पर पुजारी संत और हरिभक्तोंने बहुत ही सुंदर सेवा करके एवं दुर्लभ झूलोत्सव दर्शन का काम करके श्रीजी महाराज और प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री को प्रसन्न किया था ।

- पटेल गोविंदभाई जेठवा

विरमगाँव स्वामिनारायण मंदिर (बहनो का)

विरमगाँव बहनो के श्री स्वामिनारायण मंदिर में प.पू.अ.सौ. लक्ष्मीस्वरूपा गादीवालाश्री की आज्ञा आशीर्वाद से सांख्ययोगी गीताबा और समस्त बहनो ने साथ मिलकर २२५ घंटे का श्री स्वामिनारायण महामंत्र के धून का आयोजन किया था । इस प्रसंग पर अहमदाबाद से प.पू.अ.सौ. गादीवालाश्री पधारी थी । और ठाकुरजी की आरती उतारकर धूनकी पूर्णाहुति करके सभी बहनो को दिव्य आशीर्वाद प्रदान की थी ।

- शारदाबहन बाबुभाई ठक्कर

ईडर मंदिर में विभिन्न उत्सव तथा सत्संग का आयोजन किया गया

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आशीर्वादात्मक आज्ञा से यहाँ के महंत स्वामी जगदीशप्रसाददासजी के मार्गदर्शन के अनुसार संत-मंडलने श्रावण महीने में भव्य झूलोत्सव-जनमाष्टमी उत्सव के प्रसंग पर भजन कीर्तन आदि कार्यक्रम किया गया । रात्रि १२-०० बजे कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया । इसके अलावा ईडर देश के अरोडा, मणीयोर, उमेदगढ आदि गाँव में शा. हरिजीवनदासजीने कथावार्ता का सुंदर लाभ प्रदान किया था ।

- कोठारी सत्यसंकल्पदासजी

नया वणझर मंदिर (सरस्वेज)

नए वणझर के श्री स्वामिनारायण मंदिर में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा आशीर्वाद से और स्वामी स्वयंप्रकाशदासजी की प्रेरणा से जन्माष्टमी की कथा-वार्ता-धून कीर्तन और कृष्ण लीला के प्रसंग को मनाया गया रात्रि १२-०० बजे कृष्ण जन्मोत्सव भी मनाया गया । जिसके यजमाान प.भ. राजुभाई ठक्कर (पेट्रोल पंपवाले) प्रकाशभाई और नितीनभाई थे । *- कोठारी रमणभाई*

श्री स्वामिनारायण मंदिर, कांकरिया

प.पू.ध.धु. आचार्यश्री १००८ श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री की आज्ञा-आशीर्वाद से तथा कांकरिया के महंत स्वामी गुरूप्रसाददासजी और कोठारी आनंदप्रसाददासजी की प्रेरणा से कांकरियामंदिर में श्रावण महीने में शा. यज्ञप्रकाशदास ने भागवत कथामृत का पान करवाया था । श्रावण वद-अमावस्या को प.पू. बडे महाराजश्री ने ग्रंथ और व्यासपीठ का पूजन करके ठाकुरजी की आरती उतारी थी ।

श्रावण वद अमावस्या को श्री सिद्धेश्वर महादेव का महारुद्रयज्ञ का सुंदर आयोजन करवाया गया था । प.पू. बडे महाराजश्री के वरद् हाथों से महाभिषेक तथा महा आरती की पूर्णाहुति की गई । साथ में अहमदाबाद मंदिर के महंत शा. स्वामी निर्गुणदासजी और विद्वान संतगण पधारे थे । हरिभक्त यज्ञ विधि और पू. महाराजश्री के दर्शन करके धन्य हो गए । यहाँ नवनिर्माण मंदिर में और श्री स्वामिनारायण म्युझियम में सेवा करनेवाले भाविको को पू. महाराजश्रीने दिव्य आशीर्वाद प्रदान किये थे ।

इस प्रसंग पर अन्य सेवा में नरोत्तम भगत, श्री नीरुभाई ठाकर, पूजारी देव स्वामी और गोर महाराज की सेवा प्रशंसनीय थी । *- गौराग पटेल, श्रीन.ना.देव युवक मंडल, कांकरिया*

जलझीलणी- श्री गणपतिजी का उत्सव पालकी निकाल कर मनाया गया

भादो सुद-११ को कांकरिया मंदिर में संत-हरिभक्तोने श्री गणपतिदादा की पालकी का रथ कांकरिया मंदिर से कीर्तन-भक्ति उत्सव करते बेन्डबाजा, घोडों की बगीयों तथा भजन-मंडली के साथ भूदेव आदि मणीनगर कांकरिया विस्तार में सभी को लाभ प्रदान करते हुए कांकरिया सरोवर में ठाकुरजी को नावमें बैठाकर जलक्रीडा करवाई थी । कोठारी स्वामी यज्ञप्रकाशदासने गणेश महिमा का सुंदर वर्णन किया था । इस प्रसंग पर अहमदाबाद मंदिर के विद्वान संतगण पधारे थे । तमाम प्रकार की व्यवस्था कोठारी आनंद स्वामीने की थी । *- विष्णुकुमार शास्त्री*

नयावाडज मंदिर

सर्वावतारी सर्वोपरि श्रीहरि की अंतर्ध्यान तिथि के दिन प्रातः समूह में जनमंगल पाठ, भक्त चिंतामणि कथा और महामंत्र धून की गई ।

जलझीलणी एकादशी को श्री ठाकुरजी तथा श्री गणेशजी की पालकी नारायणघाट मंदिर पर दोपहर पहुंचकर वहाँ श्री गणेशजी का विसर्जन किया था । *- शंभुदान ही. पटेल*

बद्रीनाथधाम मंदिर में वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न

अपने श्री स्वामिनारायण मंदिर बद्रीनाथधाम का वार्षिकोत्सव प.पू.ध.धु. आचार्यश्री १००८ श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री ने अपने हाथों से मंदिर में विराजमान श्री स्वामिनारायण भगवान का पूजन अर्चन किया था । बाद में बद्रीनाथ मंदिर के मुख्य धर्माचार्य रावलजी से मिले थे । इस पाटोत्सव के यजमान तीर्थयात्रा में आये हुए भक्तों मे से प.भ. श्री डाह्याभाई वीरचंददास पटेल एवं श्री कनुभाई रेवाभाई पटेल एवं श्री भक्तिभाई पटेल मिलकर सामूहिक महापूजा, अभिषेक तथा अन्नकूट का सुन्दर लाभ लिये थे । *- महंत स्वामी गोलोकविहारीदास*

मूली प्रदेश का सत्संग वृत्तान्त

जीवापर (हालार) श्री स्वामिनारायण मंदिर

हालार के जीवापर श्री स्वामिनारायण मंदिर में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री ने मूर्ति प्रतिष्ठा की तब से सत्संग की प्रवृत्ति अच्छी तरह होती है । ता. ५-८-०६ को नारायणघाट मंदिर से भक्ति स्वामी और ब्रह्मप्रकाश स्वामी को घनश्याम स्वामीने कथा-वार्ता का सुंदर लाभ देकर १० जितने बुद्धिमान बच्चों को पूजा विधि की पद्धति समझाकर प्रातःपूजा करवाई थी । बच्चो में बहुत उत्साह देखा गया । *- अमरशीभाई पटेल, नवसारी*

विदेश सत्संग वृत्तान्त

कोलोनीया (अमेरिका) मंदिर में "सेवा" का चोथा मेडीकल केम्प हुआ

श्री नरनारायणदेव देश के पीठाधिपति प.पू.ध.धु. आचार्यश्री १००८ श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री की आज्ञा-प्रेरणा से I.S.S.O. के अथक प्रयास से 'सेवा' संस्था द्वारा I.S.S.O. के अमेरीका के सभी चेप्टरो में फ्री मेडीकल केम्प द्वारा सेवा प्रवृत्ति की अमेरिका के शहरो में सुवास फैलाई थी ।

यहाँ के महंत स्वामी देवप्रसाददासजी और शास्त्री ईश्वरजीवनदासजी और हरिभक्तो की उपस्थिति में मंदिर में प्रथम पाटोत्सव के उपलक्ष में यहाँ चौथा फ्री मेडीकल कैम्प सेवा द्वारा संपन्न हुआ । सुंदर टेन्ट में सुबह ९ से दोपहर के ३ बजे तक १२ जितने डोक्टरो और पांच नर्सो के सहयोग से करीब ८६ जितने हरिभक्तों के विभिन्न रोगो का उपचार किया गया। इसके अलावा फिल्म स्लाईड द्वारा पेझन्टेशन करके अलग-अलग रोगो की समज दी गई जिसमें सेजल पटेल, भूमि दवे, मोनीका चोक्सी, प्रिया पटेल, नर्स की सेवा योगिनी राव, धर्मी पटेल, जस्मिता चोक्सी, भाविक मेहता तथा डेन्टिस की सेवा डॉ. विनोद ब्रह्मभट्टने प्रदान की । मीना परीख हरेन भट्ट, आशिष महेता, और पूनम पटेल ने फीजीशीयन की सेवा दी थी । डॉ. नीना शाह, डॉ. दवे, डॉ. चिराग पटेल, डॉ. जितेन्द्र पटेल और कई डॉक्टर अपनी 'सेवा' संस्था में जुड़े हुए है ।

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री यहाँ पाटोत्सव के प्रसंग पर पधारे थे । और मेडीकल केम्प में पधारकर अपनी प्रवृत्ति देखकर बहुत प्रसन्न हो गये थे । इतना बड़ा कैम्प चलाया जाता है परंतु एक भी डोलर दर्दियों से नहीं लिए जातें । समग्र सेवा फ्री में कीजाती है । हर दूसरे और चौथे रविवार की शाम को ५ से ८ सेवा क्लिनीक की ऑफिस में भिन्न-भिन्न डॉक्टर और नर्स मेडिकल चेक अप योग्य उपचार प्रदान किए जाते हैं । *- प्रवीण शाह*

केनेडा I.S.S.O. मंडल

ता. २०-९-०६ जन्माष्टमी को श्री कृष्ण जन्मोत्सव के प्रसंग पर श्री शशीकांतभाई के यहाँ सत्संग सभा

अन्नकूट आदि कार्यक्रम होते हैं। केनेडा, टोरन्टो, मीसीसागा, हेलील टोन आदि शहरो में बसने वाले सत्संगी हरिभक्त सपरिवार सभा में आए हुए थे। ठाकुरजी समक्ष सुंदर अन्नकूट का प्रसाद किया गया था।

'आज मारे ओरडे रे' इस कीर्तन के इस पद के साथ सभा का प्रारंभ हुआ। उसके बाद कीर्तन-भक्ति-वचनामृत जनमंगल पाठ बोलकर महापूजा की गई। उसके बाद आरती भोग तथा धून की गई। १५० से अधिक भाविकोने शभा का लाभ प्राप्त किया।

श्रीजी महाराज की कृपा और प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के आशीर्वाद से हर शनिवार को नियमित सभा होती है। जिसमें मूल संप्रदाय के चुस्त हरिभक्तों को विशेष लाभ लेतें है।

- श्री न.ना.देव युवक मंडल, I.S.S.O. केनेडा चेप्टर

यहाँ सीडनी के श्री स्वामिनारायण मंदिर में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा-आशीर्वाद से सत्संग की प्रवृत्ति सुंदर चल रही है

ता. २-७-०६ रविवार को सत्संग सभा प.भ. मुकेशभाई अमीन की तरफ से हुई थी। ता. १६-७-०६ को श्री कृष्ण महाराज के सुंदर झूलोत्सव दर्शन करवाए गए थे। यजमान प.भ. भाईलालभाई पटेल थे। २३ जुलाई के रविवार को भी श्रीकृष्ण महाराज को सुंदर शंख से झुलोत्सव को सजाकर दिव्य दर्शन करवाए थे। अ.नि. प.भ. रवजीभाई वाघजीयाणी के स्मरण के हेतु प.भ. खीमजीभाई वाधजीयाणी यजमान बने थे। ता. ३०-७-०६ के दिन प.भ. ब्रज मारु की तरफ से चॉकलेट के झूलोत्सव दर्शन करवाए गए। ता. ६-८-०६ के रविवार को विभिन्न प्रकार के धान्यों के झूलोत्सव दर्शन करवाए गये थे। श्री मयंक चौहाण आज की सभा के यजमान थे। सभा में हरिभक्तों ने वचनामृत पर विवेचन किया था। उसके बाद ठाकुरजी की आरती-पूजन जैसे नित्य नियम संपन्न हुए।

- तेजस बी. पटेल

लोस एंजलस (केलिफोर्निया I.S.S.O.) श्री स्वामिनारायण मंदिर

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के आशीर्वाद-कृपा से यहाँ उत्सवो का सुंदर आयोजन करते हैं। भादो शुक्ल-४ को श्री गणपतिजी का स्थापन करके महंत शास्त्री स्वामी केशवचरणदासजीने दादा की महिमा - माहात्मय का वर्णन किया था। घनश्याम स्वमीने पूजन करके आरती उतारी थी। सभा में कथा-वार्ता-धुन-भजन आदि कार्यक्रम हुए थे।

- नटुभाई पटेल

लेस्टर (U.K., I.S.S.O.) श्री स्वामिनारायण मंदिर

यहाँ के लेस्टर में अपने श्री स्वामिनारायण मंदिर में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री १००८ श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री की आज्ञा से तथा मूली के संतो की प्रेरणा से श्री हनुमानचालीसा के १०८ पाठ प.भ. हरिशभाई गोविंदभाई पटेल के परिवारने किया था।

ता. ३०-८-०६ के प्रातः ८ से १२ जब तक मंदिर के पाटोत्व प्रसंग पर प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री क्रोली मंदिर की मूर्ति प्रतिष्ठा के प्रसंग पर पधारे तब यहाँ अपने मंदिर में राधाकृष्ण देव का षोडशोपचार महाभिषेक करके अन्नकूट आरती उतारकर हरिभक्तो को दर्शन का दिव्य लाभ प्रदान किया था।

ता. ९-८-०६ से १३-८-६ तक श्रीमद् सत्संगिजीवन का पंचान्ह पारायण ब्र.शा. हरिस्वरूपानंद (छपैयाधाम) शा.स्वा. धर्मकिशोरदासजी (प्रयागराज) के वक्तापद पर संपन्न हुआ था।

ता. १६-८-०६ को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। अ.नि. प.भ. सुरेन्द्रभाई मकवाणा की पुण्य स्मृतिमें उत्सव का यजमान उनका परिवार बना। ता. २७-८-०६ की सुबह को ६ से दोपहर के १२ बजे तक श्री स्वामिनारायण महामंत्र की धून की गई।

ता. २-९-०६ के श्री हनुमान चालीसा पाठ समूह में किया गया। प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री १००८ श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री के आशीर्वाद पत्र का वांचन भी सभा में किया गया। सभी यजमान का शाल ओढ़ाकर सन्मान किया गया था।

ता. २४-९-०६ के प्रातः ६ से दोपहर १२ बजे तक श्री स्वामिनारायण महामंत्र की धून में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री पधारे थे। यह धून प.भ. अ.नि. रंभाबहन रवजीभाई रत्नामणी के स्मण हेतु की गई थी।

- हेमराज चोटलीया, लेस्टर)

श्री स्वामिनारायण अंक के सभ्यों को सूचना

श्री स्वामिनारायण अंक के सभ्यो को सूचना है की, जब आप अपना घर बदले तो तब कार्यालय को ग्राहक नंबर के साथ नए पते की जानकारी अवश्य दें। ग्राहक के नंबर के सिवाय पते में कोई सुधार नहीं हो पाएगा। इसीलिए ग्राहक नंबर की अवश्य जानकारी प्रदान करें।

कुरियर में पैसा नही भेंजने की सूचना

श्री स्वामिनारायण मासिक के सभ्यो को एक सूचना दी जाती है कि किसी प्रकार की रकम कुरियर में न भेंजे। क्योंकि कुरियर्स इसका उत्तरदायित्व नहीं लेते है। इसके बाद में भी यदि कोई भेंजेगा तो उसका स्वयं का उत्तर दायित्व होगा। इसे सभी लोग नोंट कर लेंगे।

श्री स्वामिनारायण मंदिर छपैया
फोन : ०९३३६५१५१३१, ०९४५०१७२६९१

श्री स्वामिनारायण मंदिर धरियावद का नया फोन नं. : (०२९५०) २७०६०९



जीवराज पार्क मंदिर में श्रावण मास के पारायण प्रसंग पर आशीर्वाद देते हुए प.पू. बडे महाराजश्री ।



कांकरिया मंदिर में श्री सिद्धेश्वर महादेव का अभिषेक करते हुए प.पू. बडे महाराजश्री ।



जीवराजपार्क मंदिर में तृतीय सरस्वती समान के प्रसंग पर प.पू. लालजी महाराजश्री तेजस्वी बालको को शील्ड के साथ आशीर्वाद देते हुए ।

कोलोनियां अमेरिका में I.S.S.O. सेवा के हेल्थ कैम्प में दर्शन देते हुए प.पू. महासजश्री ।





सीडनी (आस्ट्रेलिया) I.S.O. के आगे मंदिर में दालोदास दर्शन ।

विरमगाम बहनो के श्री स्वामिनारायण मंदिर में प.पूज्या अ.सौ. गादीवालाश्री की आज्ञा से श्रीहरि के २२५ वी जन्मजयंती के निमित्त पर अखंड मंत्र जाप करती हुई बहनें ।





SHREE SWAMINARAYAN
REG. NO. GUJ. 581 Valid up to December 2008
permitted to Post AHME. P.S.O. On 11th of Every Month





३५ वें प्राकट्योत्सव प्रसंग पर आरती उतारते हुए संत एवं अग्रगण्य हरिभक्त ।



बद्रिनारायणधाम मंदिर में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री १००८ श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री जब दर्शनार्थ पधारे उस समय वहाँ के महंत रावलजी पू. महाराजश्री का भव्य स्वागत करके धर्मगोष्ठी करतेहुए ।



बद्रिनारायणधाम के अपने श्री स्वामिनारायण मंदिर में प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा से पाटोत्सव का अभिषेक करते हुए महंत शास्त्री स्वामी निर्गुणदासजी तथा लाभ लेते हुए यजमान ।

साक्षात् बालस्वरूप घनश्याम महाराज के अपर स्वरूप पू. लालजी महाराजश्री सभा को आशीर्वाद दे रहे हैं ।

